mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-32 | पृष्ठ-8 | मूल्य-3 रूपये

रीवा

02 फरवरी 2025 रविवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



कनकशन सब्सटीट्यूट...

@ पेज 7

# भारत के प्रसिद्ध गणपति टेकडी मंदिर में चढ़ाया गया 1101 किलो का 1 लड्डू



**प्रयागराज (एजेंसी)।** नागपुरः नागपुर में स्थित भारत के प्रसिद्ध गणेश टेकडी मंदिर में भगवान गणेश को 1101 किलो का 1 लड्डू चढ़ाया गया। लड्डू पर प्रयागराज में लगे कुंभ की आकृति उकेरी

**● लड्डू पर अमृत कलश, संगम में नाव पर लहराता हुआ पताका उकेरा गया**

गई। लड्डू पर अमृत कलश, संगम में नाव पर लहराता हुआ पताका उकेरा गया है। श्री अष्टविनायक मित्र मंडल द्वारा श्री गणेश जन्मोत्सव निमित्त 1101 किलो बूंदी के लड्डू का महाभोग बप्पा के चरणों में आरती के साथ अर्पण किया गया। बाद में इस लड्डू को प्रसाद के



रूप में वितरण किया गया। भगवान गणेश के सामने 1101 किलो का जो एक लड्डू भोग के रूप में चढ़ाया गया था। उस लड्डू पर एक तरफ ऊँ अंकित था तो दूसरी तरफ महाकुंभ लिखा हुआ था। वहीं, तीसरी तरफ संगम में नाव पर लहराता हुआ पताका दर्शाया गया था। एक तरफ अमृत कलश को भी दर्शाया गया है। आयोजकों ने बताया कि इस लड्डू को बनाने में 15 दिन का वक्त लगा। इसमें 300 किलो बेसन ,250 किलो घी, 450 किलो शक्कर ,101 किलो ड्राई फ्रूट जिसमें किशमिश ,काजू ,केसर, बादाम ,इलायची का समावेश किया गया है। आयोजकों ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। इसी को मध्य नजर रखते हुए अमृत कलश के प्रतिलिपि लड्डू पर उकेरी गई है। अमृत कलश से जहां-जहां कुंभ लगता है वहां पर अमृत का बूंद गिरा था। वह दर्शाने के लिए लड्डू पर अमृत कलश की आकृति दर्शी गई है।

बता दें कि गणेश जयंती होने की वजह से हजारों की संख्या में लोग भगवान गणेश के दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचे हुए हैं। पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया है। आज सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। इस मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानः मुठभेड़ में मारे गए 18 सुरक्षाकर्मी, 23 आतंकी भी ढेर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ की अलग-अलग घटनाओं में 23 आतंकवादी मारे गए हैं। हालांकि इन घटनाओं में कम से कम 18 सुरक्षाकर्मियों की भी मौत हो गई है। हाल के दिनों में पाकिस्तान में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मौत का खेल



जारी है, और दोनों ही तरफ से दर्जनों जानें जा चुकी हैं। पाकिस्तान की सेना ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 24 घंटों में अशांत बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों में ये आतंकवादी मारे गए हैं। शनिवार को हरनई जिले में ऐसे ही एक ऑपरेशन में पाकिस्तानी सैनिकों की आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में 11 आतंकवादी मारे गए। इस घटना में सुरक्षाबलों ने कई आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। शुक्रवार रात को बलूचिस्तान के कलात जिले के मंगोचर इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के सड़क पर बैरिकेड्स लगाने की कोशिश को नाकाम करते हुए 12 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने बताया, 'पिछले 24 घंटों में बलूचिस्तान में विभिन्न अभियानों के तहत कुल 23 आतंकवादियों को मार गिराया गया है।' सेना ने बताया कि सुरक्षा बल न केवल बलूचिस्तान बल्कि पूरे पाकिस्तान से आतंकवाद के खात्मे के लिए दृढ़ संकल्प हैं। पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर हुए हमले की अभी तक किसी भी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

### जर्मनी के पूर्व राष्ट्रपति होर्स्ट कोहलर का निधन

**बर्लिन (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी कि ढ्रस्न के पूर्व चीफ और जर्मनी के पूर्व राष्ट्रपति होर्स्ट कोहलर का निधन हो गया। वह 81 साल के थे। मौजूदा जर्मन राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टेनमेयर के दफ्तर ने एक बयान में कहा कि थोड़े वक्त तक बीमार रहने के बाद शनिवार सुबह बर्लिन में कोहलर



ने अंतिम सांस ली और उस वक्त उनका परिवार उनके साथ था। कोहलर 2004 से 2010 तक जर्मनी के राष्ट्रपति थे। वह एंजिला मर्केल के सत्ता में आने से पहले राष्ट्रपति चुने गए थे। उस समय जर्मनी श्रम बाजार सुधारों और कल्याणकारी राज्य कटौती के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष कर रहा था। कोहलर ने कहा था कि जर्मनवासियों को पिछली उपलब्धियों पर संतुष्ट नहीं रह जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि उन्हें 'पूरी तरह से विश्वास है कि जर्मनी में बदलाव की शक्ति है।' कोहलर ने 31 मई, 2010 को राष्ट्रपति पद से अचानक नाटकीय ढंग से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस बारे में रेडियो को दिए अपने एक इंटरव्यू की हो रही आलोचना का हवाला दिया। उन्होंने यह इंटरव्यू अफगानिस्तान में जर्मन सैनिकों के दौरे के सिलसिले में दिया था। कई लोगों ने इसे अफगानिस्तान में जर्मनी के अलोकप्रिय मिशन से संबंधित माना था। कोहलर का जन्म 22 फरवरी 1943 को नाजी कब्जे वाले पोलैंड के स्कीरबीसजो में मूल रूप से एक जर्मन किसान परिवार में हुआ था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद उनका परिवार जर्मनी चला गया। पहले उनका परिवार पूर्वी जर्मनी के लीपजिग में रहा और फिर 1954 में पश्चिमी जर्मनी में आ गया।

## महाराष्ट्र में गिलियन-बैरे सिंड्रोम से मरने वालों की संख्या हुई 4

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में गिलियन-बैरे सिंड्रोम के कारण संदिग्ध मौतों की संख्या बढ़कर 4 हो गई है, जबकि राज्य में अब तक दर्ज मामलों की संख्या 140 है। राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों ने ये जानकारी दी है। गुरुवार को पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम सीमा के यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल में निमोनिया के कारण श्वसन तंत्र में आघात के कारण 36 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। चौथा संदिग्ध पीड़ित सिंहगढ़ रोड के धायरी इलाके का 60 वर्षीय व्यक्ति रहा, जिसकी शुक्रवार को मौत हो गई। इस व्यक्ति को दस्त और निचले अंगों में कमजोरी के बाद 27



जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुणे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कार्डियक अरेस्ट के कारण उनकी मृत्यु हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा, कुल 26 मरीज पुणे शहर से हैं। 78 पीएमसी क्षेत्र में नए जोड़े गए गांवों से आए मरीज हैं। 15 पिंपरी चिंचवाड़ से, 10 पुणे ग्रामीण से और 11 अन्य जिलों से हैं। शुक्रवार को कोई नया मामला सामने नहीं आया है। राज्य में दर्ज किए गए अधिकांश मामले पुणे और आसपास के इलाकों से हैं। पुणे शहर के विभिन्न हिस्सों से कुल 160 पानी के नमूने रासायनिक और जैविक विश्लेषण के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भेजे गए। गिलियन-बैरे सिंड्रोम प्रदूषित पानी पीने से होता है। पुणे में आठ जल स्रोतों के नमूने दूषित पाए गए। एक अधिकारी ने कहा कि सिंहगढ़ रोड इलाके में निजी बोरवेल से प्राप्त नमूनों में से एक में एस्चेरिचिया कोली या ई. कोली बैक्टीरिया पाया गया।

बजट-2025

# 12 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री, 77 मिनट के भाषण में 9 बार बिहार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीतारमण ने शनिवार को 50.65 लाख करोड़ का बजट पेश किया। बजट में नौकरीपेशा के लिए 12.75 लाख और बाकी करदाताओं के लिए 12 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री करने का ऐलान किया। ऐसा कर सरकार ने मध्यम वर्ग को साधा और दिल्ली को भी जहां 4 दिन बाद 5 फरवरी को वोटिंग है। दिल्ली की आबादी 3 करोड़ 38 लाख है। इनमें से 40 लाख लोग टैक्स भरते हैं। दिल्ली में 1.55 करोड़ कुल वोटर हैं। पिछले साल अक्टूबर में केजरीवाल ने कहा था कि दिल्लीवाले 1.78 लाख करोड़ इनकम टैक्स देते हैं। नए स्लैब से यहां की 67 प्रतिशत मिडिल क्लास आबादी प्रभावित होगी। सीतारमण ने 77 मिनट के भाषण में 9 बार बिहार का जिक्र कर राज्य के लिए मखाना बोर्ड बनाने समेत कई घोषणाएं कीं। राज्य में साल के आखिर में चुनाव होने हैं। वे बजट भाषण के लिए राज्य की प्रसिद्ध मधुबनी साड़ी पहनकर पहुंची थीं।




**राहुल गांधी ने एक्स पर किया पोस्टः** दरअसल, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बजट को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया है। 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, ''गोली लगने के घाव के लिए एक मरहम पट्टी!'' उन्होंने आरोप लगाया कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच, हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिए एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है, लेकिन यह सरकार विचारों को लेकर दिवालिया है। वहीं कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''बजट भारत की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कुछ नहीं करेगा। सरकार ने समाज के गरीबों और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के लिए कोई दृष्टिकोण या राहत नहीं होने के कारण खोखले नारे देकर जनता को धोखा देने की कोशिश की है।''

## छात्र को कुचलते हुए निकल गई रोडवेज बस



**झुंझुनूं (एजेंसी)।** राजस्थान के झुंझुनूं में एक रोडवेज बस ने कोचिंग जा रहे छात्र को कुचल दिया। हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। दर्दनाक हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि छात्र बस पर चढ़ने की कोशिश कर रहा है तभी उसका हाथ छूट गया और बस उसके ऊपर चढ़ गई। जानकारी के अनुसार, गंभीर रूप से घायल हुए छात्र अंकित के परिजनों ने रोडवेज बस के चालक व परिचालक पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए नवलगढ़ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दर्ज रिपोर्ट में परिजनों ने बताया है कि उनका लड़का अंकित रोज की तरह कोचिंग जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। जब एक रोडवेज बस वहां पहुंची, तो चालक ने बस को निर्धारित स्थान पर रोकने के बजाय पहले ही रोक दिया और यात्रियों को चढ़ाने लगा। जब अंकित बस में चढ़ने का प्रयास कर रहा था, तभी परिचालक ने चालक को बस चलाने के लिए बोल दिया। चालक ने बिना देखे ही बस को अचानक चला दिया, जिससे अंकित संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। इससे पहले कि वह संभल पाता, बस का पिछला टायर उसके कमर के निचले हिस्से और दोनों पैरों के ऊपर से गुजर गया।

## ओडिशा में अब तक की सबसे बड़ी लूट का पर्दाफाश, 3.51 करोड़ रुपये जब्त

### ओड़िशा के कालाहांडी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की

**वाराणसी (एजेंसी)।** ओड़िशा के कालाहांडी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय डकैत गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने हाल ही में हुई लूट में शामिल आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 3 करोड़ 51 लाख रुपये नकद, हथियार, कारतूस और वाहन जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ताहिर अंसारी, हुसैन खान, जसिम खान, शमीम अंसारी, बसुदेव गोपे, पिंटू अलीम और अनुज कुमार के रूप में हुई है। ये सभी झारखंड के रांची जिले के निवासी हैं। दरअसल 30 जनवरी 2025 को कालाहांडी जिले के धारमगढ़ में एक शराब दुकान से 3.51 करोड़ रुपये की लूट हुई थी। दुकान मालिक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। लूट को अंजाम देने के बाद डकैत बोलेरो कार में फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस ने बोलेरो को ट्रैक कर झारखंड तक पहुंचने का पता लगाया। जांच के दौरान कालाहांडी पुलिस ने सबसे पहले सिराज अंसारी और कमेश्वर यादव को गिरफ्तार किया। बाकी के आरोपी झारखंड भाग गए थे। इसके बाद कालाहांडी पुलिस ने झारखंड पुलिस के साथ मिलकर सभी आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया



ने कालाहांडी पुलिस की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि, ÷इस गिरोह का पकड़ा जाना अंतरराज्यीय अपराधों पर लगाम लगाने में मदद करेगा। हमने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 3.51 करोड़ रुपये नकद और कुछ हथियार बरामद किए हैं। जांच के दौरान हमने तकनीकी तरीकों जैसे सीसीटीवी कैमरा, IPDRS आदि का उपयोग किया। लूट में एक आरोपी ने गिरोह की पूरी मदद की थी। हमें 31 जनवरी 2025 को शराब निर्माण फैक्ट्री से लूट की शिकायत मिली थी। आरोपियों के खिलाफ BNS 310, 331, 6, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे ओडिशा या अन्य राज्यों में और किन अपराधों में शामिल रहे हैं।

## भांजे के प्यार में पागल मामी ने की हत्या

### प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला, सबूत मिटाया लेकिन हो गई ये चूक

**बुलंदशहर (एजेंसी)।** यूपी के बुलंदशहर में भांजे के प्यार में पागल महिला ने अपने ही हाथों से खुद का सुहाग उजाड़ डाला। पत्नी ने प्रेमी भांजे के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। सबूत मिटाने के लिए पत्नी ने हत्या कर वारदात को एक्सीडेंट का रूप दे दिया। हत्या के बाद मृतक के शव को रोड पर रखकर पत्नी ने एक्सीडेंट का मुकदमा दर्ज करवाया था। मृतक युवक की पत्नी का अपने भांजे के साथ अवैध सम्बंध था।

जानकारी के अनुसार, 24 जनवरी को गौरव नाम के युवक की हत्या उसी की पत्नी प्रीति ने अपने भांजे निमेश व दोस्त तरुण के साथ मिलकर कर दी। महिला ने पति का गला घोंटकर हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है मृतक गौरव की पत्नी प्रीति के अपने भांजे निमेश के साथ अवैध संबंध थे और अवैध संबंधों में बाधा बनने पर हत्या की योजना बनाकर गौरव की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद महिला ने 30 जनवरी को थाने पहुंचकर अज्ञात वाहन द्वारा सड़क हादसे में मौत की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट



में खुलासा हुआ कि मृतक गौरव की एक्सीडेंट में नहीं बल्कि गला घोटकर हत्या की गई है। इसके बाद पुलिस ने पत्नी की कॉल डिटेल के आधार पर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि मृतक युवक की पत्नी से उसके भांजे के अवैध संबंध थे और मामी ने अपने भांजे के साथ मिलकर अपने ही पति की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद मृतक के शव को रोड पर रखकर एक्सीडेंट का मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन फिलहाल पुलिस ने हत्यारोपी महिला, प्रेमी भांजा व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयोग की गई कार, मोबाइल, तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस बरामद किए हैं।

पूरे मामले में जानकारी देते हुए बुलंदशहर के एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि बीते 24 जनवरी को गौरव नाम की व्यक्ति की उसी की पत्नी प्रीति ने प्रेमी भांजे व दोस्त के साथ मिलकर हत्या कर दी और बीते 30 जनवरी को एक्सीडेंट का मुकदमा दर्ज कर दिया था। पुलिस पूछताछ में पता चला कि यह सभी हत्या आरोपी हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी खुलासा हुआ है।

## ई-कोर्ट के लिए बजट में 1500 करोड़ रुपये आवंटित

### आम आदमी को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने साल 2025 के लिए पेश किए गए बजट में 1500 करोड़ रुपये ई कोर्ट के लिए आवंटित किए हैं। ई-कोर्ट परियोजना के महत्वाकांक्षी तीसरे चरण के लिए केंद्रीय बजट में बड़ी राशि देने की वजह न्याय प्रक्रिया में तेजी लाना है। देश में डिजिटल, ऑनलाइन और कागज रहित निचली अदालतें स्थापित करने के उद्देश्य से ई-कोर्ट परियोजना शुरू की गई है। ई-कोर्ट परियोजना के लिए धनराशि न्याय वितरण और कानूनी सुधार के लिए राष्ट्रीय मिशन के तहत आवंटित की गई है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के हिस्से के रूप में, भारतीय न्यायपालिका की आईसीटी सक्षमता के लिए ई-कोर्ट परियोजना 2007 से कार्यान्वयन में है। परियोजना का दूसरा चरण 2023 में समाप्त हुआ।

ई-कोर्ट परियोजना का तीसरा चरण 2023 में शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य विरासत रिकॉर्ड सहित संपूर्ण न्यायालय रिकॉर्ड के



डिजिटलीकरण के माध्यम से डिजिटल, ऑनलाइन और कागज रहित अदालतों की ओर बढ़ते हुए न्याय की अधिकतम सुगमता की व्यवस्था की शुरुआत करना है। यह स्मार्ट सिस्टम स्थापित करेगा, जिससे मामलों को शेड्यूल या प्राथमिकता देते समय न्यायाधीशों और रजिस्ट्री के लिए डेटा-आधारित निर्णय लेना आसान होगा। तीसरे चरण का मुख्य उद्देश्य न्यायपालिका के लिए एक एकीकृत प्रौद्योगिकी मंच बनाना है जो न्यायालयों, वादियों और अन्य हितधारकों के बीच एक सहज और कागज रहित इंटरफेस प्रदान करेगा। सरकार ने कहा कि जिन नागरिकों के पास प्रौद्योगिकी तक पहुंच नहीं है, वे ई-सेवा केंद्रों से न्यायिक सेवाओं तक पहुंच सकते हैं, जिससे डिजिटल विभाजन को पाटा जा सकता है। न्यायालय के अभिलेखों का डिजिटलीकरण कागज-आधारित फाइलिंग को कम करके और दस्तावेजों की भौतिक आवाजाही को कम करके प्रक्रियाओं को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा, अदालती कार्यवाही में आभासी भागीदारी इन कार्यवाहियों से जुड़ी लागतों को कम कर सकती है, जैसे गवाहों, न्यायाधीशों और अन्य हितधारकों के लिए यात्रा व्यय, जबकि अदालती शुल्क, जुर्माना और दंड कहीं से भी, कभी भी भुगतान किया जा सकता है।

## गाजियाबाद में गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में लगी आग, मचा हड़कंप

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** गाजियाबाद में शनिवार तड़के गैस एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लग गई। सिलेंडर फटने के धमाके से इलाके में हड़कंप मच गया। टीला मोड़ थाना क्षेत्र के भोपुरा चौक दिल्ली-वजीराबाद रोड पर गैस सिलिंडर से भरे ट्रक में आग लगी है। दमकल विभाग को सुबह 4.45 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दमकल की 8 गाड़ियां आग को नियंत्रित करने में जुटी हुई हैं। वीडियो में धमाकों की आवाज सुनी जा सकती है, जो दुर्घटनास्थल से 2-3 किलोमीटीर दूर तक सुनाई थी।



भोपुरा चौक पर गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में भीषण आग लगने से इलाके के लोग दहशत में आ गए। हादसे की जानकारी देते हुए सीएफओ राहुल कुमार ने कहा कि टीला मोड़ थाना क्षेत्र में दिल्ली वजीराबाद रोड पर भोपुरा चौक पर गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में भीषण आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर हैं, लेकिन धमाके की वजह से दमकल विभाग के कर्मचारी ट्रक तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। सिलेंडर धमाके की आवाज आसपास के कई किलोमीटर तक सुनी गई। घटना स्थल से जो वीडियो सामने आया है, उसमें ट्रक से आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। एक-एक कर एलपीजी से भरे सिलेंडर फट भी रहे हैं।

# सहकारिता वर्ष-2025 में हर माह होगा सहकारिता संबंधी भव्य आयोजन -मंत्री सारंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता वर्ष-2025 में राज्य स्तर पर हर माह सहकारिता संबंधी एक भव्य आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और सहकारिता विभाग से जुड़े संबंधित विभागों के केन्द्रीय मंत्री के मुख्य आतिथ्य में हर माह कार्यक्रम होंगे। मंत्री श्री सारंग मंत्रालय में सहकारिता वर्ष-2025 के लिये राज्य स्तर पर किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इन कार्यक्रमों में देशभर के सहकारी आंदोलन से प्रख्यात जुड़े लोगों को भी जोड़ा जाये। उन्होंने कहा कि इस दौरान अन्य राज्य के दलों को आमंत्रित कर मध्यप्रदेश में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य वाली संस्थाओं का भ्रमण एवं प्रदर्शन करवाया जाये। इसके लिये जो स्टडी ग्रुप आयें, तो उनके साथ मध्यप्रदेश का एक दल उन्हें प्रदेश में किये गये नवाचार और उत्कृष्ट कार्य के बारे में बखूबी जानकारी दे।



मंत्री श्री सारंग ने कहा कि राज्य स्तर के साथ हर जिले और ग्राम पंचायतों में भी सहकारिता से जुड़ी गतिविधियाँ संचालित हों। हर जिले में ग्रुप बनाये जायें और ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जाये। साथ ही सहकार और सहकारिता के बारे में हायर एजुकेशन के विद्यार्थियों को जानकारी दी जाये। हर गाँव में सहकार सभा जैसे कार्यक्रम हों। इसमें सरपंच और जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारी बैंकों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जन-जागरण किया जाये। बैंक का बिजनेस बढ़ाने के लिये अभियान चलाया जाये। कृषक और आमजन सहकारी बैंक से जुड़ें, इस पर फोकस किया जाये। वार्षिक कैलेण्डर में सहकारी मंथन, सहकारी सम्मेलन, ग्राहक जागरूकता सम्मेलन, पौध-रोपण अभियान, टर्म-लोन वितरण, नवीन केसीसी स्वीकृति, अमानत संग्रहण, विचार संगोष्ठी, सर्वोत्तम कार्य करने वालों का सम्मान जैसी गतिविधियों का भी समावेश किया जाये।

बैठक में प्रबंध संचालक मार्कफेड श्री आलोक कुमार सिंह, पंजीयक सहकारिता श्री मनोज पुष्प, उप सचिव श्री मनोज सिन्हा, प्रबंध संचालक सहकारी संघ श्री ऋतुराज रंजन, प्रबंध संचालक आवास संघ श्री रमाशंकर विश्वकर्मा, दुग्ध संघ के डॉ. दुरवार, संयुक्त पंजीयक श्री अमरीश वैद्य, संयुक्त पंजीयक वनोपज संघ श्री बी.पी. सिंह, ओएसडी अपेक्स बैंक सुश्री कृति सक्सेना, सचिव मत्स्य महासंघ श्री यतीश त्रिपाठी और उप सचिव श्री हितेन्द्र सिंह वघेला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने बस दुर्घटना पर किया दुःख व्यक्त

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रयागराज से सिंगरौली लौट रही यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दुर्घटना में दिवंगत महिला यात्री के परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परमपिता परमात्मा से दिवंगत की आत्मा की शान्ति और दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज से सिंगरौली लौट रही यात्री बस मऊगंज जिले के अंतर्गत बहरा डाबर घाट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसके फलस्वरूप एक महिला यात्री की असामयिक मृत्य हो गई एवं 22 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कलेक्टर तथा एसपी मऊगंज ने अविलंब घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटना में घायल यात्रियों को उपचार के लिए मऊगंज और सीधी के अस्पतालों में भर्ती करवाया। कुछ घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर किया गया है।

## अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण तिथि बढ़ाई गयी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गयी है। अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि सामान्य शुल्क के साथ 7 फरवरी, 2025 और विलंब शुल्क के साथ 14 फरवरी निर्धारित की गयी है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने आदेश जारी किये हैं। पूर्व में यह आवेदन सामान्य शुल्क के साथ 7 फरवरी तक जमा किये जा सकते थे। आदेश में कहा गया है कि अब निर्धारित की गयी तिथि के बाद समय में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जायेगी।

## लाम्बाखेड़ा सब स्टेशन पर 8 एमवीए नवीन पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्रांतर्गत भोपाल वृत्त के लाम्बाखेड़ा स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र पर 5 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर 8 एमवीए नवीन पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के तहत इस पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना से चौकसे नगर, शारदा नगर, लाम्बाखेड़ा परेवाखेड़ा, जगदीशपुर बायपास, देवल खेड़ी, बिशन खेड़ी, अरवलिया, परवलिया सानी, श्यामपुर आदि ग्रामों के उपभोक्ताओं को निर्बाध तथा गुणवत्तापूर्ण सतत बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा है कि कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कंपनी कृत संकल्पित है। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से एक ओर जहाँ विद्युत वितरण प्रणाली मजबूत होगी वहीं दूसरी ओर विद्युत हानियां कम होकर प्रणाली की क्षमता वृद्धि से उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## किसानों के लिए किए जा रहे नवाचार और मिल रहीं उपलब्धियाँ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिये कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों के हित में कई नवाचार किऐ जा रहे हैं और उपलब्धियाँ हासिल हो रहीं है। वर्ष 2024-25 में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिशन अंतर्गत 2 लाख से अधिक किसानों को लाभांवित किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत कृषकों को डेढ़ करोड़ रूपये से अधिक राशि का लाभ प्रदान किया गया है। वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत 207 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट एवं 644 करोड़ रूपये की वार्षिक कार्ययोजना स्वीकृत की गई है। रबी विपणन वर्ष 2023-24 में कुल 81 लाख कृषक आवेदनों का 41.49 लाख हेक्टेयर क्षेत्र के लिए बीमांकन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत 25.79 लाख कृषकों को 755 करोड़ राशि के दावा भुगतान किये गये। किसानों को शीघ्रता से हरसंभव दावा भुगतान करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर की यूनिट 4 ने किया लगातार 100 दिन से ज्यादा विद्युत उत्पादन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के विद्युत गृहों के द्वारा लगातार विद्युत उत्पादन करने की श्रृंखला में संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने लगातार 100 दिन से अधिक विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड कायम किया है। रिकार्ड कायम करने वाली यूनिट 20 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने विभिन्न मापदंडों में भी उपलब्धि हासिल की। यूनिट ने 89.44 फीसदी प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ), 86.32 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 8.71 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन (एपीसी) की उपलब्धि हासिल की। यह यूनिट वर्तमान में भी सतत् विद्युत उत्पादन कर रही है।

## राज्य और केन्द्र सरकार कर रही है बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता -स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि राज्य और केन्द्र सरकार वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य का ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में कौंडिया से कामती तक 100 करोड़ रुपये लागत का बायपास रोड मंजूर हो चुका है। इसी के साथ गाडरवारा में रेलवे फाटक पर फ्लाई-




ओवर बनाया जा रहा है, इससे नगर का यातायात सुगम होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह शुक्रवार को गाडरवारा और ग्राम सालीचौका में वृद्धजन और दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित करने के बाद नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। गाडरवारा और सालीचौका के कार्यक्रमों में 396 वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को 595 सहायक उपकरण वितरित किये गये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति जन-सामान्य में मदद का भाव होना चाहिये। उन्होंने कहा कि निर्धन वर्ग का परिवार अपनी बेटी का विवाह सरलता से कर सके, इसके लिये जिले में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जाएंगे। पात्र हितग्राहियों को 55 हजार रुपये की राशि दी जायेगी।

## मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय एनसीसी के कंटिजेन्ट का भोपाल में होगा सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय एनसीसी के 26 जनवरी को नई दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुए। कंटिजेन्ट का भोपाल में शुक्रवार को स्वागत किया गया। एनसीसी के कंटिजेन्ट दल में 136 कैडेट शामिल थे। इन्होंने नई दिल्ली में एक माह तक चले कैम्प में अन्य 16 राज्यों के निदेशालयों से आये 2000 कैडेटस के साथ 30 दिन से अधिक समय तक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हिस्सा लिया। इस वर्ष मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के कैडेटों ने 18 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया हैं। राज्यपाल और मुख्यमंत्री आर.डी.सी. दल के सदस्यों का भोपाल में सम्मान करेंगे। कैडेटों को उनकी कड़ी मेहनत और श्रेष्ठ प्रयासों के लिए सम्मानित करेंगे। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान सीनियर अंडर ऑफिसर कौशिकी शुक्ला और पेटी ऑफिसर आर्यन सेन का %ऑल इंडिया सर्वश्रेष्ठ कैडेट प्रतियोगिता% में अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। उन्हें 27 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के करिअप्पा ग्राउंड में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया। कैडेट नाद्या पंथोरा और कैडेट सृष्टि मिश्रा ने ऑल इंडिया सर्वश्रेष्ठ कैडेट प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल हासिल किये। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय ने रीमांउट प्रतियोगिता में एक गोल्ड मैडल और एक सिल्वर मैडल भी हासिल किया। कैम्प का सबसे गौरवपूर्ण क्षण तब आया, जब मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के 25 कैडेटों ने 26 जनवरी 2025 को पूरे राष्ट्र के सामने कर्तव्य-पथ पर मार्च किया।

## मैं भी बाघ और हम हैं बदलाव थीम पर शिविर



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** वन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल के समन्वय से मैं भी बाघ'' और हम हैं बदलाव'' थीम पर प्रशिक्षण-सह-जागरूकता शिविर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में आयोजित किया गया। शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिसरोद के 120 छात्र-छात्राओं और 5 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की।

शिविर में सम्मिलित हुए प्रत्येक छात्र-छात्रा को अनुभूति बुक, अनुभूति बैग, कैप, ब्रोशर दिये गये। छात्र-छात्राओं को जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति, गिद्ध कुंजी के ब्रोशर भी दिये गये। मास्टर ट्रेनर एवं नवीन प्रेरकों द्वारा पक्षी दर्शन, वन्य-जीव दर्शन, प्रकृति पथ-भ्रमण स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी दी गयी। शिविर में शामिल सहभागियों ने फूड बैग, फूड चैन जैसे खेल खेलकर वन, वन्य-जीव एवं पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसमें सहभागिता करने वालों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया गया। रेस्क्यू टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को वन्य-जीवों को कैसे रेस्क्यू किया जाता है, के संबंध में रेस्क्यू वाहन के माध्यम से रेस्क्यू करने संबंधी जानकारी दी गयी। इसका सभी सहभागियों ने भरपूर आनंद लिया।

अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में सेवानिवृत्त उप वन संरक्षक डॉ. एस.आर. वाघमारे और वन विहार के सहायक संचालक श्री एस.के. सिन्हा एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के समापन में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड डॉ. समिता राजौरा, उप वन संरक्षक ईको पर्यटन विकास बोर्ड श्री स्वरूप कुमार दीक्षित विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में सम्मिलित सभी छात्र-छात्राओं को वन्य-जीव, पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी गयी। सहभागियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये गये।

## मध्यप्रदेश में एवीजीसी-एक्सआर नीति-2025 लॉन्च, क्रिएटिव इकोनॉमी के लिए बड़ा कदम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश सरकार ने क्रिएटिव इकोनॉमी को नए आयाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी एवीजीसी-एक्सआरनीति 2025 के लॉन्च के साथ राज्य ने इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस नीति के तहत 2,000 करोड़ रूपये का निवेश आकर्षित करने 20 हजार से अधिक नौकरियां सृजित करने और 2029 तक 150 से अधिक स्टार्टअप को बढ़ावा देने का लक्ष्य है। मध्यप्रदेश पहले से ही आईटी, आईटीईएस और इएसडीएम क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है। इसके अलावा, राज्य की फिल्म नीति ने फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त किया है। अब एवीजीसी-एक्सआरनीति 2025 इन सेक्टरों को एकीकृत करते हुए एनिमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सआर टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए एक समग्र वातावरण तैयार करेगी, जहां रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। इस नीति के केंद्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की परिकल्पना है। सरकार 20 एकड़ में फैले एवीजीसीमीडिया पार्क का निर्माण पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत करेगी। यह अत्याधुनिक सुविधा उन्नत प्रोडक्शन एवं पोस्ट-प्रोडक्शन स्टूडियो, स्टार्ट-अप्स के लिए प्लग-एंड-प्ले वर्क स्पेस और एवीजीसी कंपनियों की आवश्यकताओं के अनुसार विशेष डेटा सेंटर से लैस होगी। एवीजीसी-एक्सआरनीति 2025 को उद्योगों के लिए आकर्षक बनाने हेतु सरकार वित्तीय और परिचालन सहायता प्रदान करेगी तीन वर्षों तक 25ल किराया सहायता, अधिकतम 10 लाख रूपये प्रति वर्ष। इस नीति के तहत एनिमेशन, गेमिंग और संबंधित क्षेत्रों में करियर बनाने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी।

## एम.पी. ट्रांसको ने सुदृढ की पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत पारेषण व्यवस्था

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** एम.पी. ट्रांसको (म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने धार जिले के 220 के.व्ही. सबस्टेशन पीथमपुर सेक्टर में एक 200 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि पीथमपुर क्षेत्र के लिये भविष्य में औद्योगिक उपभोक्ताओं की विद्युत की बढ़ती जरूरत और पारेषण विश्वसनीयता के मद्देनजर एम.पी. ट्रांसको ने सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि करते हुए इस पावर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। यह धार जिले का पहला 200 एम.व्ही.ए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि लगभग 20.5 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की



पारेषण क्षमता को सुदृढ़ता प्रदान हुई है। इससे इस सबस्टेशन से जुड़े अनेक औद्योगिक विद्युत उपभोक्ताओं को काफी फायदा पहुंचेगा, अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति अतिरिक्त् क्षमता के साथ उपलब्ध रहेगी । इस ट्रांसफार्मर के स्थापित हो जाने से पीथमपुर सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 819 एम.व्ही.ए. हो गई है। उन्होंने इस सफलता के लिए एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि एम.पी. ट्रांसको के इस सब स्टेशन से सिर्फ औद्योगिक क्षेत्र के लिए ही विद्युत आपूर्ति की जाती है।

इस क्षमता वृद्धि से धार जिले की ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी बढ़कर 5414 एम.व्ही.ए. की हो गई है। धार जिले में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 400 के.व्ही. के दो सबस्टेशन पीथमपुर एवं बदनावर, 220 के.व्ही. के छह सबस्टेशन धार, पीथमपुर सेक्टर -द्ब, सेक्टर-कुक्षी , राजगढ़ धार व कानवान तथा 132 के.व्ही. के 11 सब स्टेशनो के माध्येम से विद्युत पारेषण करती है।

मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 416 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इस क्षमता .वृद्धि से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की कुल ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर 80914 एम.व्ही.ए. की हो गई है । प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के कुल 1022 पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील हैं।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में शामिल हितग्राहियों का ईकेवायसी एक से 28 फरवरी तक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत पात्र परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित कर वास्तविक हितग्राहियों को ही निःशुल्क खाद्यान्न वितरण करने और दोहरे/अपात्र/साईलेन्ट हितग्राहियों को पोर्टल से हटाने के लिये ईकेवायसी किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया है कि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा याचिका क्रमांक एमए ह्रश. 94/2022 इन एसएमडब्ल्यू (सी) ह्रश. 6/2020 में पारित आदेशानुसार समस्त हितग्राहियों के ईकेवायसी करने की अनिवार्यता है। ईकेवायसी 1 से



28 फरवरी तक अभियान चलाकर की जायेगी। वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत 5 करोड़ 53 लाख 08 हजार में से 3 करोड़ 77 लाख 32 हजार पात्र हितग्राहियों के ईकेवायसी किए जा चुके हैं। इस प्रकार 1 करोड़ 75 लाख 76 हजार हितग्राहियों के ईकेवायसी किए जाना शेष है। शेष पात्र हितग्राहियों के निर्धारित समय सीमा में ईकेवायसी करने की कार्यवाही अभियान चलाकर करने के निर्देश सभी जिला कलेक्टर्स को दिये गये हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सम्मिलित समस्त पात्र हितग्राहियों के डाटाबेस में आधार नंबर की प्रविष्टि की जा चुकी है। उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीन से पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क ईकेवायसी करने की सुविधा उपलब्ध है। उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा पात्र हितग्राही के ईकेवायसी उचित मूल्य दुकान स्तर पर किए जा रहे हैं। पात्र हितग्राही के डाटाबेस में त्रुटिपूर्ण आधार नंबर/अन्य व्यक्ति का आधार नंबर दर्ज होने पर सही व्यक्ति का आधार नंबर दर्ज करने की सुविधा पीओएस मशीन में उपलब्ध है। साथ ही त्रुटिपूर्ण आधार नंबर के स्थान पर सही आधार नंबर दर्ज करने की सुविधा एक समय के लिए दी गई है।विशेष अभियान में उचित मूल्य दुकान के विक्रेता को हितग्राही के घर जाकर भी ईकेवायसी कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# 45 लाख की अवैध शराब जब्त

## पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया, जांच में परमिट की वैधता खत्म






**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले की चितरंगी पुलिस ने शनिवार को 45 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब जब्त की है। मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मुताबिक, पुलिस को कल सूचना मिली थी, कि नेशनल हाईवे-39 पर सीधी की तरफ से एक ट्रक (एमपी 17 जी 2807) में अवैध शराब की खेप लाई जा रही है।

सूचना पर झोंको चौकी के पास ट्रक को रोका गया। चालक अंकित मल्लाह से वाहन के कागजात और माल का ट्रांजिट परमिट चेक किया गया। जांच में पता चला कि परमिट की वैधता एक दिन पहले ही समाप्त हो चुकी थी। इतना ही नहीं, ट्रांजिट परमिट में दर्ज शराब और ट्रक में लदी शराब अलग-अलग पाई गई। पुलिस ने ट्रक से 453 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की।

पुलिस ने इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। ट्रांजिट परमिट में मैसर्स विंध्यवाइंस के नाम का उल्लेख था, जिसके मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। इस सफल कार्रवाई में एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन, उप निरीक्षक सुरेश यादव, सहायक उप निरीक्षक अनिल मिश्रा, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। कार्रवाई में शामिल सभी पुलिसकर्मियों को 10,000 रुपए का इनाम दिया गया है।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत, आरोपी फरार

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा गांव में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मोहनी पंचायत के रोजगार सहायक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मॉर्निंग वॉक कर रहे लोग मदद के लिए दौड़े, तब तक रोजगार सहायक ने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। आरोपी बोलेरो ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

गौरतलब है कि जयसिंह नगर के मोहनी पंचायत के अनूप मिश्रा पिता जवाहरलाल मिश्रा (40) अपनी बाइक से रीवा जा रहे थे, तभी सुबह 6 बजे जोरा गांव के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी, कि रोजगार सहायक अनूप मिश्रा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक मौके पर फरार हो गया।



थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फरार बोलेरो की तलाश के लिए पुलिस टीम को रवाना किया गया है।

## पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के बहरी थानाक्षेत्र अंतर्गत अमरपुर में शनिवार को एक पुराने विवाद को लेकर गंभीर मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में पीड़ित शिव बहादुर केवट को सचिन केवट और बड़कावा केवट ने मिलकर पीटा है। हमले में शिव बहादुर केवट के सिर पर गंभीर चोट आई है, जिसके कारण उन्हें सीधी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की शिकायत पर बहरी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपियों के साथ उनका पुराना विवाद चल रहा था, जिसके कारण दोनों ने मिलकर उन पर हमला कर दिया।

# नागरिक सुविधा केंद्र विषय पर प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सहकारी प्रबंध संस्थान भोपाल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रीवा एवं नाबार्ड के सहयोग से सहकारी समितियों के सेवायुक्तों के लिए "नागरिक सुविधा केन्द्र" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉ. किशोर कुमार, पी के परिहार, सुनील तिवारी, जिला सहकारी बैंक रीवा, रवि शंकर मिश्रा जिला प्रबंधक सीएससी रीवा एवं विक्रम पांडे जिला प्रबंधक मऊगंज द्वारा सीएससी पोर्टल के माध्यम से समितियों को होने वाले लाभ एवं ग्रामीण आबादी तक सेवायें को पहुचाने तथा सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने जानकारी प्रदान कर मार्गदर्शन दिया गया ।



# विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता बजट

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री नरेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत बजट हर वर्ग के उत्थान के साथ ही विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस आम बजट में देश के गरीब, किसान, नौजवान, मध्यमवर्गीय परिवार, व्यापारी, पिछड़ा, महिला, श्रमिक समेत हर वर्ग का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है।



नरेन्द्र शर्मा ने आगे कहा कि आम बजट में मध्यमवर्गीय परिवार एवं नौकरीपेशा इनकम टैक्स पेयर्स के लिए ऐतिहासिक राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक आय पर टैक्स की छूट प्रदान की गई है। वहीं, सीनियर सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने का प्रावधान किया गया। बजट में सरकार द्वारा कैंसर की दवाएं सस्ती करने तथा 36 जीवन रक्षक दवाओं पर पूरी तरह से ड्यूटी टैक्स खत्म करने का ऐलान किया है। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर-डे केयर सेंटर बनाने का प्रावधान गंभीर बीमारी के पीड़ितों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

किसानों के क्रेडिट कार्ड की लिमिट को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने तथा किसान क्रेडिट से 7 करोड़ से अधिक किसानों को आसान लोन की सुविधा सुलभ कराने का निर्णय लिया गया है। वहीं, फसलों की उपज बढ़ाने हेतु प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना शुरू करने का ऐलान भी किया गया है। इस किसान हितैषी योजना से देशभर में 1.7 करोड़ किसान भाई - बहन लाभान्वित होंगे। ये प्रावधान मोदी सरकार की किसानों के सशक्तिकरण की नीति का परिचायक है।

# सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठ व्याख्याता का किया गया विदाई सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, जवा (निप्र)।** जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जवा के वरिष्ठ व्याख्याता डाक्टर रामगोपाल द्विवेदी के सेवानिवृत्त होने पर पूर्व छात्रों एवं गणमान्यजन द्वारा विदाई सम्मान समारोह का आयोजन जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जवा में किया गया छात्रों द्वारा बैंड-बाजे एवं स्काउट परेड के साथ विद्यायल भव्य स्वागत किया गया,विदाई सम्मान समारोह के शुभारम्भ में मां सरस्वती एवं विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय यशस्वी नेता श्रीनिवास तिवारी के प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात मौजूद अतिथियों ने वरिष्ठ व्याख्याता का माल्यार्पण एवं साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया,

द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा कभी निष्फल नहीं होती है और ना ही इसकी कोई उम्र होती, मैं विद्यालय के स्थापना के समय से यहां से जुड़ा रहा है, और आज सेवा निवृत्त होने पर पूर्व छात्रों एवं क्षेत्र लोगों द्वारा विदाई सम्मान समारोह यह कार्यक्रम मुझे अविस्मरणीय रहेगा।

# बिना चालक के आगे बढ़ा ट्रैक्टर

## रोकने की कोशिश में मजदूर की दबने से मौत, जल जीवन मिशन के तहत खुदाई के दौरान हुआ हादसा



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। बृजपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे राजस्थान की एक कंपनी में काम करने वाले 25 वर्षीय मजदूर हनुमान पुत्र कैलाश की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई।

**मजदूर ने ट्रैक्टर रोकने का किया प्रयास:** घटना के समय खुदाई का काम चल रहा था। अचानक खड़ा हुआ ट्रैक्टर बिना चालक के आगे बढ़ने लगा। मजदूर हनुमान ने ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह उसकी चपेट में आ गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच जारी:** स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से ट्रैक्टर के नीचे से मृतक का शव बाहर निकाला। रात करीब 10 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दो ट्रक में 92 भैंसें मिलीं, एक पशु मृत मिला

## 8 आरोपी गिरफ्तार, पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई





**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में पशु तस्करी के खिलाफ शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई की। बक्सवाहा पुलिस ने शाम के समय दो कंटेनर ट्रकों से 92 भैंसों को बरामद किया। जिनमें से एक पशु की मौत हो चुकी थी और कई घायल मिले। पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी विक्रय के लिए ट्रक को महोबा ले जा रहे थे। घायल पशुओं का बड़ामलहरा में पशु चिकित्सक इलाज कर रहे हैं और मृत पशु को पीएम के लिए भेजा गया है।

**भागने की कोशिश कर रहा था ट्रक:** बक्सवाहा थाना प्रभारी कृपाल मार्को के अनुसार, चेकिंग के दौरान क्षमता से अधिक पशुओं से भरे कंटेनर की सूचना मिली। एक ट्रक सागर जिले से और दूसरा महाराष्ट्र से रजिस्टर्ड था। महाराष्ट्र वाला ट्रक सुरक्षा घेरा तोड़कर भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ा गया। सागर के ट्रक में 41 और महाराष्ट्र के ट्रक में 51 भैंसें रस्सियों से बंधी मिलीं।

**पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत दर्ज हुआ मामला:** पकड़े गए आरोपियों में सागर के ट्रक से जुड़े आकिब कुरैशी, जाहिद खान, इमरान खान, आबिद खान और सद्दाम हैं। वहीं महाराष्ट्र के ट्रक से संबंधित राजा कुरैशी, अल्ताफ कुरैशी और आशु कुरैशी को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त की गई संपत्ति में दो ट्रकों की कीमत 20 लाख और पशुओं की कीमत 17 लाख रुपए आंकी गई है।

# कांग्रेस पार्टी बूथ स्तर पर बनायेगी सशक्त संघठन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश स्तर पर हर ब्लॉकों में शहर में वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी ग्रामीण में पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी बनाने का लक्ष्य प्रदेश के सभी ब्लॉक अध्यक्ष को दिया गया है जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष रीवा ई राजेंद्र शर्मा शहर कांग्रेस अध्यक्ष लखन लाल खंडेलवाल के मार्ग दर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी चिरहुला ब्लॉक रीवा द्वारा बदराव मंडलम बिछिया मंडलम कि एक आवश्यक बैठक जिला अस्पताल के सामने कर आगामी समय के लिए रूपरेखा तैयार कि गई बैठक में शहर संघठन मंत्री सज्जन पटेल ने पार्षद, एवं ब्लॉक संघठन के मंडलम अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष के पदाधिकारियों को मतदाता सूची सौंपी साथ ही वार्ड पंचायत बूथ कमेटी को मतदाता सूची के अनुसार बनाये जाने की बात कही, चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी कि यह एक सुनहरी पहल है प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की दूरदर्शी सोच है।

# अमरकंटक में नर्मदा महोत्सव की तैयारियां

## कमिश्नर ने मेला ग्राउंड, रामघाट और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** पवित्र नगरी अमरकंटक में आगामी फरवरी 2025 में आयोजित होने वाले नर्मदा महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने स्थलों का दौरा किया। महोत्सव 3-5 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। कमिश्नर गुप्ता ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया और रामघाट के उत्तर और दक्षिण तट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मां नर्मदा मंदिर परिसर में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को भी देखा।

इस दौरान अनूपपुर के कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उन्हें आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा और पुष्पराजगढ़ के एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने की तैयारियों पर चर्चा की।

# मवेशियों का अवैध परिवहन में पशु तस्कर गिरफ्तार, एक पिकअप से 7 पशु बरामद, दो आरोपियों पर केस



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** कोतमा पुलिस ने अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी करने वाले वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पिकअप वाहन (एमपी19जेड्एल5329) और 7 मवेशियों को बरामद किए हैं। दो आरोपियों के खिलाफपुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी, कि पथरोड़ी की तरफ से एक पिकअप वाहन में मवेशियों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन का पीछा किया। पुलिस को देखकर चालक ने गढ़ी-चाका रोड की तरफ वाहन को भगा दिया, लेकिन पुलिस ने पिकअप (एमपी19जेड्एल5329) को रोक लिया। पकड़े गए चालक की पहचान मोहम्मद हुसैन (22) निवासी करारी थाना क्षेत्र जिला कौशांबी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी पिकअप चालक हुसैन ने बताया है कि लहसुई गांव के गुल्लू खान ने पिकअप बुलवाकर मवेशियों को लोड करवाया था। वाहन से 7 मवेशी बरामद किए गए। पुलिस ने पिकअप वाहन और मवेशियों को जब्त कर लिया है। पुलिस ने पिकअप चालक मोहम्मद हुसैन और गुल्लू खान के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीएमए ने केंद्रीय बजट में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर फोकस को लेकर संतुष्टि जताई

**नई दिल्ली/मुंबई एजेंसी।** सीमेंट निर्माता संघ (सीएमए) ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए 2025-26 के बजट को लेकर अपनी संतुष्टि जताई। इस बजट में भारत की आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत और दूरदर्शी योजना पेश की गई है, जिसमें ग्रामीण और शहरी विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश में बढ़ोतरी, रोजगार सृजन और लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में रणनीतिक निवेश पर जोर दिया गया है। बजट पर टिप्पणी करते हुए, नीरज अखोरी, प्रेसिडेंट, सीमेंट मैन्युफैक्च रर्स एसोसिएशन (सीएमए) और मैनेजिंग डायरेक्टर, सीमेंट लिमिटेड, ने कहा, ष्सीएमए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करता है, जो कि समग्र और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। बजट भारत के विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा को और सशक्त बनाता है। सरकार द्वारा घोषित विभिन्न पहलों ने लोगों की आकांक्षाओं और देश की आर्थिक वृद्धि की भविष्य की जरूरतों के बीच सही संतुलन बनाए रखा है। राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ी हुई निवेश प्राथमिकता सीमेंट क्षेत्र के विकास के लिए नए अवसर और रास्ते खोलती है। हम इंफ्रास्ट्रक्चर पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की सराहना करते हैं। साथ ही, हम राष्ट्र की प्रगति में साझेदार बनने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखेंगे।

# एमसीबीयू का चौथा दीक्षांत समारोह कल

## राज्यपाल की अध्यक्षता में 38 छात्रों को मिलेगा स्वर्ण पदक, नौसेना प्रमुख को मिलेगी डॉक्टरेट की उपाधि





**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में रविवार (2 फरवरी) को सुबह 11 बजे से चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में होने वाले इस समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी सारस्वत अतिथि और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

समारोह में कुल 127 प्रतिभागियों को डिग्री प्रदान की जाएंगी, जिनमें से सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 38 विद्यार्थियों को राज्यपाल स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगे। विशेष उपलब्धि के रूप में विश्वविद्यालय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान करेगा।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एसपी अगम जैन सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान, सरस्वती वंदना और कुलगान से होगी, जिसके बाद कुलपति प्रो. शुभा तिवारी स्वागत भाषण के साथ विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी।

**विश्वविद्यालय की पत्रिका का विमोचन भी होगा:** इस अवसर पर विश्वविद्यालय की पत्रिका श्दीक्षावाणीश् और न्यूजलेटर श्छत्रछायाश् का विमोचन भी किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को निर्धारित यूनिफॉर्म और आई-कार्ड के साथ कार्यक्रम में भाग लेने का निर्देश दिया है। आमंत्रित अतिथियों को सुबह 10:30 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करना होगा।

# म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के सिहावल ब्लाक में आजीविका मिशन के द्वारा सिंहदेव महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के सहयोग से सदस्य मोबिलाइजेशन एक डिजिटल कमोडिटी कलेक्शन सेन्टर खोलने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज, जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिलेट की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ मिलेट की खेती कर रहे किसानो को बेहतर मूल्य दिलाना है ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। साथ ही मिलेट एवं उससे बने उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही विंध्य आहार ब्रांड के तहत कोदो, कुटकी एवं सांवा जैसे पोषक अनाजों को सीधी जिला मुख्यालय स्थिति आजीविका मार्ट में विक्रय हेतु उपलब्ध कराने के लिए सिंहदेव महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल सके।

# उत्कल एक्सप्रेस में महिला का पर्स चुराने वाला चोर गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल-उमरिया रेलमार्ग पर चलने वाली कलिंग उत्कल एक्सप्रेस (18478) में एक महिला यात्री के साथ चोरी की घटना सामने आई। बीरसिंहपुर से घुनघुटी रेलवे स्टेशन के बीच एस-1 कोच में यात्रा कर रही महिला का पर्स चोरी हो गया। करीब एक घंटे के बाद महिला ने आरपीएफ के प्रधान आरक्षक आरएस पाठक और आरक्षक संदीप से संपर्क किया। यात्रियों के विरोध पर आरपीएफ टीम एक्शन में आई। जांच के दौरान आरोपी ट्रेन के एक बोगी में शौचालय में छिपा मिला। आरोपी के पास से चोरी किया गया पर्स बरामद हुआ, जिसके बाद आरपीएफ टीम ने महिला को लौटा दिया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

आरोपी की पहचान बुढ़ार निवासी आशीष उर्फ गोलू गुप्ता (29) के रूप में हुई। आरपीएफ की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि महिला यात्री जब अपनी सीट पर सो रही थी, तब उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# विचार

## श्रृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की अंदरूनी मुश्किलों का इज़हार खुल कर हुआ। पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर श्रृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय क्रिकेट टीम हार जाए, यह अनहोनी नहीं है। हालांकि पिछले दो दौरों में टीम वहां विजय पताका लहरा कर लौटी, मगर उसके पहले का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है। वैसे भी हार-जीत खेल का हिस्सा है, इसलिए पराजय पर हाय-तौबा की जरूरत नहीं होती। मगर ऑस्ट्रेलिया के खत्म हुए ताजा दौरे में बात सिर्फ यह नहीं है कि भारत ने 1-3 से सीरीज गंवा दी। बात टीम की अंदरूनी मुश्किलों की है, जिसका इज़हार खुल कर हुआ। पहले तो श्रृंखला के बीच में ही रविचंद्रन अश्विन रिटायरमेंट का एलान कर भारत लौट गए। उनके और उनके परिजनों से बयानों से साफ है कि अश्विन टीम में खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस कर रहे थे। अश्विन का रिकॉर्ड मैच विनर का रहा।

पूरे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वे चंद गेंदबाजों में हैं, जिन्होंने 500 से ज्यादा विकेट लिए। भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले वे दूसरे खिलाड़ी रहे। ऐसे खिलाड़ी की बे-आबरू विदाई टीम प्रबंधन पर कलंक छोड़ गई। मगर बात वहीं तक नहीं रुकी। अंतिम टेस्ट मैच आते-आते तो हालात ऐसे बने कि कोच गौतम गंभीर ने कप्तान रोहित शर्मा को ही खेलने वाले 11 खिलाड़ियों से बाहर करने का अभूतपूर्व फैसला ले लिया। इसके बावजूद सिडनी टेस्ट में भारत की बुरी हार हुई। उसके साथ ही टीम के टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की बची-खुची उम्मीदें भी धूल में मिल गईं।

अब हाल यह है कि टीम में रोहित के साथ-साथ विराट कोहली का भविष्य भी अनिश्चित हो गया है। मुश्किल यह है कि टेस्ट क्रिकेट का धीरज रखने वाले खिलाड़ी सामने नहीं आ रहे हैं। जो आते हैं, वे टीम प्रबंधन की गलत नीतियों का शिकार हो जाते हैं। यशस्वी जायसवाल को छोड़ कर एक भी नया खिलाड़ी नहीं है, जिससे लंबे भविष्य की उम्मीद जोड़ी जा सके। सरफराज में संभावनाएं हैं, मगर उनको मौका नहीं दिया गया। तो पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता टीम की दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर यह श्रृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।

# जारवा लोगों को मत का अधिकार मिला

**प्रमोद भार्गव**

**आदिम जनजाति जारवा अंडमान-द्वीप समूह की एक प्रमुख जनजाति है। ये आज भी अर्ध-खानाबदोश आदिम जीवन-शैली जी रहे हैं। प्राकृतिक रूप में उपलध वन-संसाधन ही इनके आजीविका के प्रमुख साधन हैं। स्थानीय प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े रहकर ये अपनी जीवन-शैली में मस्त हैं। जारवा लोग बाहरी संपर्क से अलग-थलग हैं। इसी कारण उनकी अनूठी सांस्कृतिक परंपरा और भाशा-बोली संरक्षित हैं। वे दक्षिणी और मध्य अंडमान द्वीप समूह के पश्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। स्थानीय प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद अब इस जनजाति समूह को संवैधानिक लोकतांत्रिक धारा से जोड़े जाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।**



इस समुदाय के 19 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करके, उन्हें मतदाता पहचान-पत्र दिए गए हैं। अंडमान द्वीप समूह के मुख्य सचिव चंद्रभूषण कुमार ने दक्षिण अंडमान जिले के जिरकाटांग स्थित बस्ती में पहुंचकर पहली बार मतदाता बने लोगों को पहचान-पत्र सौंपे। जारवा समुदाय की इन पहचान-पत्रों से भारतीय होने की नागरिकता सुनिश्चित हुई है। साथ ही यह उनकी निजता की रक्षा के लिए एक व्यापक उपाय भी है। इस कार्यवाही से उम्मीद जगी है कि भविष्य में इस द्वीप समूह के सभी लोग भारतीय नागरिक के रूप में मतदाता बना दिए जाएंगे। वरना एक समय इस द्वीप समूह में प्रवेश पाना मौत को आमंतण्रदेना था।

इस कार्यवाही को पूरी करने में अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिसने सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और सम्मानजनक तरीके से उनकी भाषा में चुनावी प्रक्रिया के बारे में जारवा समुदाय से संवाद करके उनके बीच जागरूकता पैदा करके इस प्रक्रिया को सुगम बनाया। जारवा समुदाय अंडमान द्वीप समूह के दक्षिण और मध्य तथा पष्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। यह पूरा क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है। इसे ही इस समुदाय ने अपने पारंपरिक जीवनशैली के अनुरूप ढाल लिया है। जारवा समुदाय के साथ पहला उल्लेखनीय दोस्ताना संबंध अप्रैल 1996 में हुआ था, जो बाहरी दुनिया के साथ उनके संपर्क में एक अहम मोड़ साबित हुआ।

इस संबंध के लिए शायद प्रकृति ने ही घटनाक्रम रचा था। दरअसल, जारवा जनजाति के 21 वर्षीय एनमेई को अपने बाएं टखने में गहरी चोट आई थी। प्रशासन ने करु णा का परिचय देते हुए एनमेई का उदारतापूर्वक उपचार कराया और ठीक होने के बाद उन्हें सुरक्षित बस्ती में वापस भेज दिया। यहां से प्रशासन और समुदाय के बीच विश्वास का जो संवाद बना, उसने आज इस समुदाय के लोगों के भारतीय नागरिक होने के पहचान के रूप में मतदाता पहचान-पत्र सौंपने का मार्ग प्रशस्त किया। अन्यथा जारवा समूह से जो भी कोई संपर्क करने की सोचता था, उसे हिंसक टकराव का सामना करना पड़ता रहा है। दरअसल, जो लोग स्वयं को सभ्य और आधुनिक समाज का हिस्सा मानते रहे हैं, वही लोग प्राकृतिक अवस्था में रह इन लोगों को इंसान मानने की बजाय लगभग जंगली जानवर ही मानते रहे हैं। आधुनिक कहे जाने वाले समाज की यह एक ऐसी विडंबना है, जो सभ्यता के दायरे में कतई नहीं आती।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में रह रहे लुप्तप्राय जारवा प्रजाति की महिलाओं को स्वादिष्ट भोजन का लालच देकर सैलानियों के सामने नचाने के कुछ साल पहले वीडियो-दृश्य ब्रिटिश अखबारों में सिलसिलेवार छपे थे। इन्हें शासन-प्रशासन के स्तर पर झुठलाने कवायद की गई थी, परंतु यह ठोस हकीकत थी। अभयारण्य में दुर्लभ वन्य जीवों को देखने की मंशा की तरह, दुर्लभ मानव प्रजातियों को भी देखने की इच्छा नव-धनाढ्यों और रसूखदारों में पनप रही है, और जिस सरकारी तंत्र को आदिवासियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, वही इन्हें लालच देकर नचवाने का काम कर रहा था। इसी कुत्सित मानसिकता के चलते कुछ लोग जारवाओं को इंसानों की बजाए, मनोरंजक खिलौने भी मानते रहे हैं।

आधुनिक विकास और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए वन कानून में लगातार हो रहे बदलावों के चलते अंडमान में ही नहीं देश भर की जनजातियों की संख्या लगातार घट रही हैं। आहार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों की कमी होती जा रही है। इन्हीं वजहों के चलते अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग दुर्गम टापुओं पर जंगलों में समूह बनाकर रहने वाली जनजातियों का अन्य समुदायों और प्रशासन से बहुत सीमित संपर्क है। यही वजह है कि इनकी संख्या घटकर महज 381 रह गई है।

एक अन्य टापू पर रहने वाले ग्रेट अंडमानी जनजाति के लोगों की आबादी केवल 97 के करीब है। इन लोगों में प्रतिरोधात्मक क्षमता इतनी कम होती है कि ये एक बार बीमार हुए तो इनका बचना नामुमकिन हो जाता है। हालांकि अब इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए टीकाकरण करने और पौष्टिक खुराक देने के उपाय निरंतर किए जा रहे हैं। मतदान का अधिकार मिल जाने से तय है, यहां लोकतांत्रिक गतिविधियां भी कालांतर में बढ़ेंगी। करीब दो दशक पहले तक ये लोग पूरी तरह निर्वस्त्र रहते थे, लेकिन सरकारी कोशिशों और इनकी बोली के जानकार दुभाषियों के माध्यम से समझाइश देने पर इन्होंने थोड़े-बहुत कपड़े पहनने अथवा पत्ते लपेटने शुरू कर दिए हैं।

भारत की सांस्कृतिक विविधता अनूठी खूबसूरती है। यहां विभिन्न आदिवासी समुदायों को अपने पुरातन व सनातन परिवेश में रहने की स्वतंत्रता हासिल है। हमारे देश के सांस्कृतिक परिवेश में नग्नता कभी फूहड़ अश्लीलता का पर्याय नहीं रही। पाश्चात्य मूल्यों और भौतिकवादी आधुनिकता ने ही प्राकृतिक व स्वाभाविक नग्नता को दमित काम-वासना की पृष्ठभूमि में रेखांकित किया है। वरना हमारे यहां तो खजुराहो, कोणार्क और कामसूत्र जैसे नितांत व मौलिक रचनाधर्मिता से स्पष्ट होता है कि एक राष्ट के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में हम कितनी व्यापक मानसिक दृष्टि से परिपक्व लोग थे। अब लोगों को जो मत का अधिकार मिला है, उसके तहत ये अन्य समुदायों में विलय होंगे और इनका आवागमन भी बढ़ेगा। इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बढ़ेगी।

# जातीय जनगणना की मांग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना कराए जाने की मांग को दोहराते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद किसी भी कीमत जातीय जनगणना करवा कर रहेगी। पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि इस बाबत उन्होंने संसद में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में स्पष्ट कहा है कि संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों की अनदेखी नहीं करने दी जा सकती। राहुल आरोप लगा चुके हैं कि भाजपा और आरएसएस यह कृत्य कर रहे हैं। यह भी आरोप लगा चुके हैं कि संघ प्रमुख मोहन भागवत का %सच्ची आजादी' वाला बयान देश के संविधान के खिलाफ है'। बेशक, आर्थिक प्रगति में समाज के हर हिस्से की भागीदारी होना जरूरी है। इसी से समावेशी समाज की परिकल्पना मूर्ताकार हो सकती है, लेकिन हकीकत यह है कि समाज का एक बड़ा हिस्सा प्रगति में हिस्सेदार नहीं बन सका है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भी इस तरफ ध्यान दिलाया है। दलितों, अल्पसंख्यकों और सामाजिक रूप से हाशिए पर रह रहे समुदायों की आबादी देश की कुल जनसंख्या का नब्बे फीसद हैं, लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं..यही कारण है कि हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं' यह ध्यान दिलाते हुए राहुल ने बिहार में की गई जाति आधारित गणना को %फर्जी' करार दिया। कहा कि यह %लोगों को बेवकूफ बनाने वाली है।' ऐसा है तो राहुल को सबसे पहले कांग्रेस शासित राज्यों और कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार शासित राज्य में भी जाति आधारित जनगणना कराई जानी चाहिए। बिहार में जातीय गणना की गई थी न कि जातीय जनगणना, लेकिन इस तकनीकी पचड़े में न भी पड़ें तो इतना तो साफ है कि जातियों और समुदायों की वास्तविक संख्या का आंकड़ा न होने पर उनके लिए कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाओं का क्रियान्वयन बेमानी रहता है, और ऐसा होता भी रहा है। शायद यह भी कारण रहा देश की संपत्ति में इन जातीय समूहों की हिस्सेदारी का आकलन आज भी हमारे पास नहीं है। कहना न होगा कि जातीय गणना या जातीय जनगणना-भले ही जो भी कहें-से ही हमें उन समूहों की सटीक संख्या मिल सकेगी जिन्हें लक्षित करके योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की जा सकेंगी। समावेशी विकास तभी सुनिश्चित हो सकेगा।

# अमेरिकी शर्तों के प्रति भारत का सतर्क रुख

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

अमेरिकी विदेश नीति अमेरिकी प्रभुत्व पर आधारित रही है जिसमें इस तथ्य पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाता है कि विदेशों में अग्रणी भूमिका बनाएं रखने में कौन सा देश उसका सबसे ज्यादा सहयोगी है तथा इस भागीदारी को और कैसे पुख्ता किया जा सकता है।

दुनिया के सबसे ताकतवर देश की विदेश नीति मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति पर आगे बढने से संकोच नहीं करती, यह सामरिक, आर्थिक या राजनैतिक हो सकता है।

इस समय भारत और अमेरिका के संबंधों को इतिहास का बेहतरीन दौर बताया जा रहा है, लेकिन असल में कूटनीतिक वास्तविकताएं अविश्वास की खाई को पाट नहीं सकी है। इतिहास को पीछे छोड़कर दोनों देशों के शीर्ष राजनेता एक दूसरे के प्रति सार्वजनिक आलोचनाओं से परहेज भले ही करें, साझेदारी की अमेरिकी शर्तों के प्रति भारत का सतर्क रुख अमेरिकी नीति-निर्माताओं को असहज कर रहा है।

दरअसल, वॉशिंटगन पोस्ट में छपी एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि भारत ने 2023 के मालदीव चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की थी तथा मोदी सरकार भारत समर्थक इब्राहिम सोलिह को राष्ट्रपति बनाए रखना चाहती थी। इस रिपोर्ट का खंडन भारत और मालदीव दोनों देशों द्वारा किया गया। सूचना युद्ध उन्नत युद्धक्षेत्र प्रबंधन रणनीतियों का एक हिस्सा है। शांति काल में इसका लक्ष्य अक्सर राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाना और विदेशी देश में जनता की राय को प्रभावित करना होता है। अमेरिका और रूस के बीच सूचना युद्ध की तीव्रता भले ही अत्यधिक हो, भारत को लेकर भी अमेरिकी कूटनीति की भूमिका बेहद आक्रामक नजर आती है।

अमेरिका का सूचना और खुफिया तंत्र खालिस्तानी आतंकवाद, कनाडा और मानवाधिकार को लेकर भारत विरोधी रुख अपनाता रहा है। पिछले साल सितम्बर में प्रधानमंत्री मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने अमेरिका पहुंचे थे, उसके कुछ घंटे पहले व्हाइट हाउस में अमेरिकी अधिकारियों ने खालिस्तान आंदोलन के समर्थक सिखों के एक समूह से मुलाकात की थी। इस दौरान व्हाइट हाउस ने उन्हें अपनी धरती पर किसी भी अंतरराष्ट्रीय आक्रमण से सुरक्षा का आासन भी दिया। बांग्लादेश में शेख हसीना की जरूरत को भारत के द्वारा अमेरिकी प्रशासन के सामने रखने के बाद भी हसीना की सरकार का तख्तापलट और उसके बाद की राजनीतिक परिस्थितियां भारत के लिए बेहद प्रतिकूल दिखाई दे रही है।

शेख हसीना की सरकार के पतन में अमेरिका की भूमिका को लेकर कई तथ्य सामने आए हैं। अमेरिका ने भारत के हितों को नजरअंदाज कर बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति पैदा कर दी, भारत इस प्रकार की अमेरिकी कोशिशों का विरोध करता रहा है। श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में भारत का सांस्कृतिक प्रभाव रहा है और इसका असर राजनीतिक परिस्थितियों पर भी पड़ता है। इन देशों में भारत की मजबूती से चीन के हित प्रभावित होते हैं, लेकिन इन देशों में अमेरिका भारत से जिस प्रकार की साझेदारी की इच्छा रखता है, भारत के लिए उस पर आगे बढना सामरिक दृष्टि से



चुनौतीपूर्ण है। अमेरिका हिन्द-प्रशांत की रणनीति के केंद्र में भारत को आगे रखने की कोशिशें करता रहा है, वहीं भारत ने चीन को लेकर वैसी आक्रामकता नहीं दिखाई है, जिसकी अमेरिका ने अपेक्षा की थी।

अमेरिका की राष्टीय सुरक्षा रणनीति में यह उल्लेख किया गया है, चीन इंडो-पैसिफिक में अमेरिका को विस्थापित करना चाहता है और अपने राज्य-संचालित आर्थिक मॉडल की पहुंच का विस्तार करना चाहता है। चीन सैन्य, आर्थिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। इसकी तकनीकी महत्त्वाकांक्षाएं इसके सैन्य विकास से अटूट रूप से जुड़ी हुई हैं। भारत चीन की साम्राज्यवादी महत्त्वाकांक्षाओं का विरोध तो करता है, लेकिन इसे युद्ध की कगार पर ले जाने वाली अमेरिकी योजनाओं का भाग बनने को वह बिल्कुल तैयार नहीं है। एशिया में अमेरिकी प्रभाव को आगे बढ़ाने में दक्षिण कोरिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया अमेरिका की महत्त्वपूर्ण भागीदार अवश्य हो, लेकिन इन देशों के चीन से मजबूत आर्थिक संबंध है। ये देश अमेरिका के चीन को लेकर आर्थिक अलगाव की नीति से इत्तेफाक रखते हुए आगे बढ़ते कभी नहीं दिखाई दिए। वहीं भारत की आर्थिक और सामरिक चुनौतियों में अमेरिका ने अवसर ढूंढने की अक्सर कोशिश की है। अपनी सफलता को सुनिश्चित करने के लिए वह भारत पर दबाव बढ़ाने की कूटनीति आजमाता रहता है, हालांकि भारत की सामरिक स्वायत्ता की नीति भी अमेरिका को परेशान करती रही है।

भारत द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को विकसित करने और पारंपरिक सुरक्षा खतरों के खिलाफ कठोर शक्ति का निर्माण करने पर अधिक तत्काल ध्यान केंद्रित करना चाहता है। भौगोलिक और रणनीतिक दृष्टि से भारत के लिए रूस ज्यादा अहम हो जाता है। दुनिया का सबसे बड़ा और सफल लोकतंत्र भारत अपनी विविधता और संप्रभुता को ध्यान में रखकर कूटनीतिक कदम उठाता है। सैन्य गठबंधनों से समान दूरी प्रारम्भ से ही भारत की गुटनिरपेक्ष नीति रही है। भारत ये मानता है कि आर्थिक विकास की तेज गति हासिल करने के लिए उसे किसी गठबंधन व्यवस्था के खांचे से दूरी बनाकर रखनी होगी। दक्षिण एशिया को लेकर कई बार अमेरिका की व्यापक नीति, भारत के मूलभूत हितों से अलग होती है। भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी पर रूस का प्रभाव है। तकनीकी हस्तांतरण को लेकर रूस ने भारत पर जो भरोसा दिखाया है, वह अमेरिका ने कभी नहीं दिखाया। भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढने के बाद भी भारत इस बात को लेकर आशंकित रहता है कि वह सुरक्षा प्रतिष्ठानों को प्रतिबंधित भी कर सकता है।

पिछले साल अमेरिका ने यूक्रेन में रूस के युद्ध प्रयासों में मदद करने के आरोप में 19 भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। 2023 में भी एक भारतीय कंपनी पर रूसी सेना की मदद करने के आरोप में प्रतिबंध लगाया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका हिन्द-प्रशांत में अपनी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने और अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में विफल इसलिए है क्योंकि वह भारत का भरोसा नहीं जीत पाया है। जाहिर है बेहतर परिणामों के लिए अमेरिका को भारत और भारत के पड़ोसी देशों में अवांछित हस्तक्षेप की नीति से बचना होगा।

# किराना व्यापारी के गोदाम में छापा,95 क्विंटल चावल जब्त

## मिलर्स को बेचता था सरकारी चावल, प्लास्टिक की बोरियों में मिला

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में खाद्य विभाग ने एक गोदाम में दबिश देकर 95 क्विंटल पीडीएस का चावल जब्त किया है। यहां सरकारी चावल को किराना व्यापारी अपनी बेनामी गोदाम में छिपाकर रखा था, जिसे मोटी कमाई करने के लिए राइस मिलरों को बेच रहा था।




जांच के बाद यह पता चला कि यह वही चावल है, जो उचित मूल्य दुकान में राशन कार्डधारियों को दिया जाता है। जानकारी के मुताबिक, चावल रखने का काम गोलबाजार खोवा मंडी निवासी आयुष साहू ने किया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली कि सरजू बगीचा में शासकीय उचित मूल्य दुकान का चावल लाकर एक गोदाम में रखा जा रहा है। बताए गए स्थान पर अधिकारियों की टीम जांच करने के लिए पहुंची। शिकायत सही मिली, वहां पर एक वाहन से प्लास्टिक की बोरियों को खाली किया जा रहा था।

इन बोरियों को एक गोदाम में रखा जा रहा था। टीम ने बोरियों को अनलोड करने का काम बंद कराया। जिसके बाद चावल की जांच करने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर को बुलाया। क्वालिटी इंस्पेक्टर ने चावल के पीडीएस का होने की जानकारी दी।

**राशन दुकान संचालकों से मिलीभगतः** अब तक की जांच में अधिकारियों सामने आया है कि आयुष साहू का कुछ राशन दुकान संचालकों से साठगांठ है और वह उन राशन दुकान संचालकों से पीडीएस चावल खरीदकर अपने अपने गोदाम में रखता था। व्यापारी का चावल, भाटापारा, चकरभाठा, धमतरी और मुंगेली के कुछ राइस मिलरों को चावल बेचने का अवैध कारोबार चला रहा था।



हालांकि किन शासकीय राशन दुकानों से चावल खरीदता था, ये बात पूछताछ में सामने आने की बात कही जा रही है।

**व्यापार विहार ले जाया जाता है चावलः**

जानकारी मिली है कि सरजू बगीचा के इस बेनामी गोदाम से चावल को व्यापार विहार ले जाया जाता है। वहां पर एक बड़ा गोदाम किराए पर लिया गया है। वहां से इसकी बिक्री की जाती है। यदि अधिकारी जांच करें, तो सरजू बगीचा की तरह ही शहर के कई अन्य इलाकों में भी शासकीय उचित मूल्य की दुकान का चावल मिल सकता है।

**जूट की बोरी से प्लास्टिक बोरी में किया पलटी**

खास बात यह कि चावल को प्लास्टिक की बोरियों में रखा गया था। आमतौर पर पीडीएस के चावल की सप्लाई जूट की बोरियों में किया जाता है। लेकिन, यहां पीडीएस की चावल में अफरा-तफरी कर उसे प्लास्टिक की बोरियों में पलटी कर लिया गया था। जांच के बाद यह पता चला कि यह वही चावल है, जो उचित मूल्य दुकान में राशन कार्डधारियों को दिया जाता है।

### मेघना तंबाकू पर जीएसटी का छापा, सेंट्रल जीएसटी की टीम ने मांगे दस्तावेज, टैक्स चोरी की आशंका



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छतीसगढ़ के बिलासपुर में मेघना तंबाकू का उत्पाद बनाने वाले कारोबारी के ठिकानों पर सेंट्रल जीएसटी ने छापेमारी की है। कारोबार की आड़ में जीएसटी चोरी की आशंका पर शनिवार को सेंट्रल जीएसटी की टीम ने दबिश दी है। बताया जा रहा है कि कारोबारी और फर्म का नाम ताकत दास सुंदर दास ट्रेडिंग कंपनी है, जिसके यहां जीएसटी की जांच चल रही है।

सेंट्रल जीएसटी टीम शनिवार दोपहर 12 बजे सरकंडा स्थित तंबाकू व्यवसायी के ठिकाने पर पहुंची। करीब आधा दर्जन गाड़ियों में सवार जीएसटी अधिकारी और कर्मचारी यहां ताकत दास सुंदर दास ट्रेडिंग कंपनी की फैक्ट्री में घुस गए। जिसके बाद बाहर से गेट बंद कर अंदर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि तंबाकू व्यावसायी का नाम संजय आहूजा हैं, जो बड़ा रिटेलर और तंबाकू के थोक विक्रेता हैं।

**जीएसटी चोरी कर शासन को लगाया चूनाः** बताया जा रहा है तंबाकू उत्पादन करने वाले कारोबारी जीएसटी चोरी कर शासन को लाखों का चूना लगाया जा रहा था। शिकायत के बाद जीएसटी की टीम ने यह कार्रवाई की। जिसके बाद कंपनी के दस्तावेज और उत्पादन सहित आय-व्यय की जानकारी जुटाकर जांच कर रही है। जांच में क्या कुछ मिला है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी जा रही है।

# गाजे बाजे के साथ नगरीय निकाय चुनाव का आगाज

## पोड़ी कालरी के पांच वार्डों के हर गली मोहल्ले में दी दस्तक



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी (निप्र)।** अपने विकास के संकल्प के साथ अपने परिवार जनों से मिलने जा रहा हु ये मेरे लिए चुनाव नहीं है । उक्त कथन मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक एवं वर्तमान नगर पालिक निगम चिरमिरी के लिए कांग्रेस पार्टी से बनाये गए प्रत्यासी डॉ.विनय जायसवाल ने कही उन्होंने ये भी कहा की क्या आप अपने परिवार जनों से मिलने जाते है तो उन्हें पहले आमंत्रण देते है ये आदत दूसरे दलों में होगी मेरे अंदर नहीं है । चिरमिरी के मेरे परिवार जनों से जो मेरा रिश्ता है वह साफ कागज की तरह है जो केवल मेरे परिवार जनों को ही दिखता है दूसरे दलों को देखने के लिए उन्हें अपने आँखो की जाँच करवाने की जरुरत है ।

बहरहाल नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा होने के बाद पुरे प्रदेश स्तर से लेकर नगर निगम चिरमिरी में भी चुनावी शंख नाद का बिगुल बज चूका है । जिसको लेकर आज कांग्रेस पार्टी की ओर प्रत्यासी बनाए गए मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. जायसवाल ने भी अपने चुनाव प्रचार्य की शुरवात करते हुए शहर की जनता तक अपने कदमो को बढ़ाते हुए उनके निवास में दस्तक दी ।

डॉ.जायसवाल ने अपने चुनाव प्रचार के आगाज से पहले पोड़ी कालरी में विराजमान्य भगवान जगन्नाथ के दर्शन करते हुए वार्ड पार्षद प्रत्यासियों के साथ पूजा अर्चना की और अपने विजय संकल्प को लेकर वह पोड़ी कालरी के वार्ड क्रमांक 1 से 5 वार्डो में निवास रथ जनता के हर गली मोहल्लों में पहुचे और उनका आशीर्वाद लिया .डॉ. जायसवाल को देख जहाँ कुछ लोगो ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया तो कुछ लोग उन्हें अपने सामने देख भाउक हुए और उन्हें अपनी समस्या बताई. चुनाव प्रचार के प्रथम दिवस को शहर की जनता के उमड़ा जन समर्थन को देख डॉ. विनय खुद ही भाउक हो गए !

अपितु नगरी निकाय चुनाव में सभी दलों ने आज इसकी शुरवात कर दी अब देखना यह होगा की ऊँठ किस करवट बैठता है और मेयर की चेयर किसके किस्मत में लिखी हुई है ।

## ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, चालक भागा

**मीडिया ऑडीटर, धमतरी (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक सड़क हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हुए है।

हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल रक्तदान एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**लाइव वीडियो आया सामनेः** पुलिस के मुताबिक, पति पत्नी स्कूल से निजी काम निपटाकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे तभी ये घटना हुई। लाइव वीडियो में देखा जा सकता है कि हादसे के बाद दोनों बाइक से नीचे गिर जाते है।

**फर्जी नंबरों का इस्तेमाल करता था चालकः** जांच में पता चला कि ट्रैक्टर चालक ट्राली और मंडी का अलग-अलग नंबर लगाकर वाहन चला रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है। साथ ही ट्रैक्टर में लगे फर्जी नंबरों के मामले में भी जांच शुरू कर दी गई है।

# रायगढ़ के सरकारी पोल्ट्री फार्म में फैला बर्ड फ्लू

## 12000 चूजे, 5000 मुर्गियों को मारा गया, 17 हजार अंडे नष्ट, निगरानी में 10किमी एरिया

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। शुक्रवार रात सरकारी पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर समेत प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। रात में ही यहां की 5 हजार मुर्गियों, 12 हजार चूजे और 17 हजार अंडों को नष्ट किया गया है।

जानकारी के मुताबिक शासकीय कुक्कुट पालन क्षेत्र से पक्षी के शव का सैंपल भेजा गया था। जिसकी जांच के बाद राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल की ओर से रायगढ़ से भेजे गए नमूनों में बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि की गई। वहीं 10 किलोमीटर के क्षेत्र को निगरानी में रखा गया है।



**कुक्कुट आहार को तत्काल नष्ट करने का फैसलाः** इसके बाद कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने रात 11 बजे आपातकालीन बैठक बुलाई। रात 11 से साढ़े 12 बजे तक एसपी, सीईओ, नगर निगम आयुक्त समेत पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पोल्ट्री फार्म की सारी मुर्गियों, चूजों, अंडो और कुक्कुट आहार को तत्काल नष्ट करने का फैसला लिया गया।

**पोल्ट्री फॉर्म में मुर्गियों को मारकर जमीन में दफनाया गयाः** पोल्ट्री फॉर्म की मुर्गियों, चूजों और अंडों को नष्ट करने की तैयारी की गई। इसके लिए मुर्गियों और चूजों को मारकर जमीन में दफनाया गया। पोल्ट्री फार्म परिसर में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसमें नमक और चूने की लेयर बिछाकर मुर्गियों और चूजों को दफनाया गया।

**संक्रमण मुक्त करने डिसइन्फेक्शन किया जा रहाः** इसी प्रकार अंडों को भी नष्ट किया गया, जिससे संक्रमण न फैले। साथ ही परिसर को संक्रमण मुक्त करने डिसइन्फेक्शन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया रात में की गई। ताकि सुबह होने से पहले स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और संक्रमण उस क्षेत्र से बाहर न फैले।

**10 किलोमीटर का दायरा सर्विलांस जोन घोषितः** भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार बर्ड फ्लू की स्थिति में 10 किमी इन्फेक्टेड जोन में कुक्कुट, अंडे और कुक्कुट आहार से संबंधित आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित होगी। इसके अलावा सर्विलांस जोन में पोल्ट्री और अंडों की दुकानों को पूरी तरह बंद रखा जाएगा। सरकारी पोल्ट्री फार्म को सैनिटाइज कर बाहर बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं। ताकि कोई पोल्ट्री फार्म के नजदीक नहीं पहुंच सके।

**1 किमी के दायरे में बिक्री बैनः** पोल्ट्री फार्म के 1 किमी के दायरे में मुर्गे और अंडे की खरीदी-बिक्री पर बैन लगा दिया गया है। चक्रधर नगर क्षेत्र और आसपास क्षेत्र के चिकन मार्केट को बंद कराया गया है। निजी दुकानों और फार्म के मुर्गियों को नष्ट किया जा रहा है। इन्हें नुकसान का आकलन कर मुआवजा भी दिया जाएगा।

**28 जनवरी से मुर्गिया मरनी शुरू हुईः** सरकारी पोल्ट्री फार्म में 28 जनवरी को एक ही शेड से 3 मुर्गिया मरी। ऐसे में पोल्ट्री फार्म के अधिकारियों को कुछ संदेह हुआ। इसके बाद 29 जनवरी को फिर से 10 मर गई। जिसे देखते हुए पोल्ट्री फार्म से रायपुर विभाग में सैंपल भेजा गया, लेकिन 30 जनवरी को एक ही शेड से 245 मुर्गियों की मौत हो गई। ऐसे में सैंपल को भोपाल भेजा गया। जहां जांच के बाद बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई।

**कलेक्टर बोले- घबराने की कोई जरूरत नहींः** कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने कहा कि पोल्ट्री फार्म को सील कर दिया गया है। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है, जिसमें बर्ड फ्लू किसी पक्षी से इंसान में फैला हो।

रायगढ़ के अन्य इलाकों में जांच के बाद बर्ड फ्लू के किसी मामले की पुष्टि नहीं हुई है। 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर बनाया गया है। इसकी लगातार निगरानी की जा रही है।

## बॉयफ्रेंड ने 14 साल की गर्लफ्रेंड को मार डाला

# स्कूल से लौट रही थी 8वीं की छात्रा, सूने मकान में ले जाकर रॉड से मारा



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में बॉयफ्रेंड ने 14 साल की गर्लफ्रेंड को मार डाला। बताया जा रहा है कि स्कूल से लौटते वक्त खाली मकान में ले जाकर मारा है। गले में और शरीर के अलग-अलग जगहों पर चोट के निशान मिले हैं। मामला मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतिका का नाम नैंसी गौतम (14) है, जो कक्षा आठवीं की छात्रा थी। मौके से खून से सना लोहे का रॉड मिला है। आसपास खून भी बिखरा मिला है। आरोपी ने कई बार वार किया है।

**क्या है पूरा मामलाः** दरअसल, शुक्रवार सुबह 8 बजे नैंसी गौतम स्कूल गई थी। रोजाना घर से करीब डेढ़ किलोमीटर पैदल आना जाना करती थी। शुक्रवार को भी वह क्लास खत्म होने क बाद साढ़े 12 बजे घर लौट रही थी। उसका भाई बाजार में अकेले आते देखा था।

परिजनों ने बताया कि नैंसी जब 2 बजे तक घर नहीं पहुंची तो उन्हें चिंता हुई। वह उसके दोस्तों और आसपास के इलाके में खोजने लगे। नैंसी कहीं नहीं मिली। इसके बाद वह स्कूल गए। स्कूल में भी कुछ पता नहीं चला। परेशान होकर परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**मकान में नैंसी को कोई मारकर फेंक दियाः** इस दौरान बच्ची के बड़े पापा ने बताया कि हम लोग थाने में ही थे, तभी नैंसी के दोस्त का मैसेज आया कि लोको कॉलोनी के एक मकान में नैंसी को कोई मारकर फेंक दिया है। इसके बाद फौरन लड़की के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गला घोंटने और लोहे के रॉड से वार करने के निशान मिले हैं। साथ आसपास खून के कतरे भी मिले हैं। पुलिस और परिवारसरू की टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं।

**कैसे पकड़ा गया आरोपीः** जानकारी के मुताबिक जांच में पता चला कि लड़की से आरोपी वीरेंद्र कुमार (24) की पहले से जान पहचान थी। ऐसे में उस पर शक गहराया। वह वारदात को अंजाम देकर भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने उसे साइबर टीम की मदद से पकड़ लिया।

**अपराधियों को मिलेगी कड़ी सजा - मंत्री जायसवालः** मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि अपराध में जिसका भी हाथ होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। ऐसी सजा देंगे कि गलती करने वाले 100 बार पहले सोचेंगे।

**जांच में जुटी पुलिसः** पुलिस ने बताया कि हत्या की गुत्थी सुलझा ली गई है। वारदात को लेकर अभी कुछ पूछताछ कर रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# दहेज के लिए पत्नी को मारकर फंदे से लटकाया

## पति, सास-ससुर ने पहले सिर दीवार पर पटका, फिर रस्सी से घोंटा गला

**मीडिया ऑडीटर, धमतरी (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में दहेज की मांग को लेकर एक नवविवाहिता की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि पति और सास-ससुर ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया और इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। मामला भखारा थाना क्षेत्र का है। मृतिका की शादी 2024 में सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। हत्या की रात आरोपियों ने पीड़िता का सिर दीवार पर पटका फिर रस्सी से गला घोंट दिया। उसके शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया, ताकि यह आत्महत्या का मामला लग सके।



**पति और सास-ससुर गिरफ्तारः** पुलिस ने गहन जांच-पड़ताल की और सभी पहलुओं की बारीकी से छानबीन की। जांच में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मृतिका के पति और उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

**शादी के बाद दहेज को लेकर होने लगा विवादः** दरसअल, ग्राम डोमा निवासी नोमेश्वरी साहू (22) का विवाह अप्रैल 2024 में गांव के ही तिजेन्द्र साहू (26) के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था। दोनों का दांपत्य जीवन कुछ दिनों तक अच्छा चल रहा था, लेकिन इसी बीच दहेज को लेकर विवाद होने लगा।

**लोकल सामान दिया कहकर करने लगे प्रताड़ितः** ससुराल वाले कहते थे कि परिजनों ने दहेज में कम सामान दिया, जो सामान दिया वो भी सड़ा गला है, लोकल है। सास-ससुर और पति अब विवाहिता से मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे।

## ओवरस्पीड माजदा ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति हुआ घायल

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला में सड़क दुर्घटना में माजदा वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। वहीं उसका पति घायल हो गया। घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बनई में रहने वाला कार्तिकेश्वर अगरिया 39 साल मजूदरी का काम करता है। शुक्रवार को कार्तिकेश्वर अपनी पत्नी निद्रावती अगरिया के साथ रुपये निकालने के लिए सेंट्रल बैंक घरघोड़ा गया था।

पत्नी के खाते से रुपये नहीं निकलने पर कार्तिकेश्वर अपने पास रखे रुपये से राशन समान खरीदा। इसके बाद कार्तिकेश्वर अपनी पत्नी को स्कूटी पर पीछे बैठाकर वापस घर लौट रहा था। जब पति-पत्नी शाम तकरीबन पौने 5 बजे ग्राम रेंगालबहरी व बरकसपाली के बीच गायत्री मंदिर के आगे मेन रोड पर पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रही लाल रंग की माजदा वाहन क्रमांक सीजी 13 एजे 8266 के ड्राइवर ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया।

**मास्दा वाहन से पैर कुचल गयाः** इससे दोनों नीचे गिर गए, तो माजदा वाहन के पहिए से निद्रावती के पैर को कुचल दिया। इससे काफी खून निकला और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

## टामन-सोनवानी के साले ने 4 लोगों से ठगे 1 करोड़

### फूड-इंस्पेक्टर की परीक्षा दिलवाई, फिर फर्जी रिजल्ट बनाया, वारदात में पत्नी और रेलवे कर्मचारी शामिल

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** सीजीपीएससी घोटाला केस में जेल में बंद टामन सिंह सोनवानी के साले देवेंद्र जोशी के बाद उसके पार्टनर रेलवे कर्मचारी स्वप्निल दुबे को भी पुलिस ने अरेस्ट किया है। आरोपियों ने 4 बेरोजगारों से करीब 1 करोड़ रुपए ठगे हैं। बेरोजगारों को खाद्य विभाग, पटवारी और रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था।

देवेंद्र जोशी ने पीड़िता अंजना गहिरवार को फूड इंस्पेक्टर की परीक्षा दिलवाई। चयन नहीं होने पर फर्जी रिजल्ट बनाकर दे दिया था। अंजना से अलग-अलग किश्तों में 25 लाख रुपए लिए, लेकिन नौकरी नहीं लगवाई। पीड़िता अंजना ने 29 जनवरी 2025 को सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद अब तक 3 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इसमें मास्टर माइंड देवेंद्र जोशी की पत्नी भी शामिल है।

**अब जानिए कैसे झांसा देकर देवेंद्र ने फंसायाः** पीड़िता अंजना गहिरवार के मुताबिक फरवरी 2021 में वह अपने परिवार के साथ मौसा-मौसी देवेंद्र जोशी और झगीता जोशी के घर गई थी, जहां अंजना ने बातचीत इस दौरान देवेंद्र से नौकरी करने की इच्छा जताई। देवेंद्र जोशी ने उसे बड़े अधिकारियों से जान पहचान और सेटिंग से नौकरी लगवाने का झांसा दिया। अंजना गहिरवार ने बताया कि कुछ दिन बाद देवेंद्र जोशी ने उसे वॉट्सऐप कॉल किया। देवेंद्र ने कॉल से बताया कि फूड इंस्पेक्टर की वैकेंसी निकली है, वह उसकी नौकरी लगवा देगा।

# अध्यक्षों एवं पार्षदों को दी गयी ईवीएम मशीन की जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर विविधत सूचना पश्चात आयोग के निर्देशों के कार्यालय के सभा कक्ष मे निर्वाचन अभ्यर्थीयों तथा निर्वाचन अभिकर्ता की बैठक रिटर्निंग ऑफिस नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ द्वारा आहूत की गई थी। सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का प्रदर्शन किया गया और उपस्थित लोगों ईवीएम से संबंधित संदेहों का समाधान किया गया। इसके अलावा, वोटिंग डेमो भी किया गया, ताकि लोग ईवीएम का उपयोग करने में सहज महसूस करें। यह बैठक निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी।



बैठक में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन संदर्शीका के निर्देश 9.3.5 का पालन करते हुए, उपस्थित अभ्यर्थी और अभिकर्ताओं को कुछ आवश्यक प्ररूप निशुल्क वितरित किया गया। जिसमें अध्यक्ष अथवा पार्षद की स्थिति में संबंधित वार्ड से पार्षद का निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची, नगर पालिका की वार्ड वार/संबंधित वार्ड के मतदान केंद्रों की सूची, आदर्श आचरण संहिता की प्रति, अभ्यर्थी का पहचान पत्र, महापौर, अध्यक्ष, अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय (लेखा साधरण एव प्रस्तुति) आदेश 2024 की प्रति, अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार सम्बन्धी सामग्री की मानक दर सूची, निर्वाचन अपराध सम्बन्धी सूचना परिसिष्ट-24,क्लाक एरर के सम्बन्ध में आयोग का जारी पत्र, निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त प्ररूप-11 की प्रति निःशुल्क प्ररूप वितरण के बाद, रिटर्निंग अधिकारी ने नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, नगर पालिक अधिनियम 1961, और स्थानीय निर्वाचन अपराध 1964 की धाराओं की जानकारी दी। इसके अलावा, प्रपत्र वितरण पंजी तैयार की गई और वितरित प्रपत्रों की अभिस्वीकृति स्वरूप उपस्थित लोगों के हस्ताक्षर लिए गए। इस प्रक्रिया का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास को बढ़ावा देना है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत, निर्वाचन आयोग को निर्वाचन प्रक्रिया को नियंत्रित करने और सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है कि निर्वाचन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किए जाएं। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जुलूस सभा रैली लाउडस्पीकर, वाहन आदि का उपयोग हेतु अनुमति के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। जिसमें अभ्यर्थियों के क्लॉक एरर के संबंध में चर्चा एवं प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया।

बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, जिला कोषालय अधिकारी, और मास्टर ट्रेनर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एमपी में ठंड कम हुई, राजस्थान में भी गर्मी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के 12 राज्यों में शनिवार को कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। क्क बिहार और दिल्ली में सुबह धुंध छाई रही। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी 50 मीटर रह गई थी। इसके चलते करीब 146 फ्लाइट्स देरी से उड़ीं, वहीं 14 फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया गया। मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। वहीं मध्य प्रदेश में अब ठंड कम हो रही है। यहां फरवरी महीने में अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम टेम्प्रेचर 32 डिग्री के पार पहुंच सकता है। राजस्थान में इस सीजन दिसंबर-जनवरी में औसत सर्दी रही। अब फरवरी में ठंडक कम रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में जयपुर, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर समेत तमाम शहरों में आसमान साफ रहा और धूप निकली। जम्मू-कश्मीर में 31 जनवरी से चिल्लई-खुर्द का दौर शुरू हो गया। इस दौरान चिल्लई-कलां से कुछ कम सर्दी पड़ती है। चिल्लई-खुर्द 20 दिन तक चलेगा। इसके बाद 10 दिन तक चिल्लई-बच्चा का मौसम रहेगा। 40 दिन की भीषण सर्दी का दौर, चिल्लई-कलां 30 जनवरी को खत्म हुआ था।

# पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन चावला का 79 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के 16वें मुख्य चुनाव आयुक्त रहे नवीन चावला का शनिवार को निधन हो गया। वे 79 साल के थे। कुछ दिन पहले ब्रेन सर्जरी के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आज सुबह अस्पताल में ही उनका निधन हो गया।चावला एजीएमयूटी कैडर के 1969 बैच के आईएएस थे। वे 16 मई 2005 से 20 अप्रैल 2009 तक चुनाव आयुक्त और फिर 21 अप्रैल 2009 से 29 जुलाई 2010 तक देश के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे थे। उन्होंने एन गोपालस्वामी की जगह ली थी। अपने कार्यकाल के दौरान चावला ने कई सुधार किए। इसमें मतदाताओं के जेंडर में पुरुष और महिला के साथ थर्ड जेंडर के लिए अन्य की श्रेणी जोड़ना भी शामिल है।

# अमेरिका में जिस युवक से राहुल गांधी मिले,वह घर लौटा

**करनाल ( एजेंसी )।** हरियाणा के जिस युवक से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में मुलाकात की थी, वह घर लौट आया है। अमेरिका दौरे के दौरान राहुल गांधी युवक से मिले थे। इस दौरान उन्होंने उससे वादा किया था कि वह भारत लौटकर उसके परिवार से जरूर मिलेंगे।

# प्रधानमंत्री ने बताया जनता का बजट, बोले- निवेश, उपभोग और विकास को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमकर तारीफ की है। मोदी ने इसे देश की आकांक्षाओं का बजट बताया है। मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने युवाओं के लिए कई सेक्टर खोले हैं। विकसित भारत के मिशन को आम नागरिक चलाने वाला है।



मोदी ने कहा कि यह बजट शक्ति बढ़ाने वाला है। यह बजट बचत, निवेश, उपभोग और विकास को बढ़ाएगा। मैं जन-केंद्रित बजट लाने के लिए निर्मला सीतारमण और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे... ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों के लिहाज से इस बजट में कई अहम कदम उठाए गए हैं। परमाणु ऊर्जा में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना ऐतिहासिक है। इससे देश के विकास में सिविल न्यूक्लियर एनर्जी का बड़ा योगदान सुनिश्चित होगा। मोदी ने कहा कि आज देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है।

इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं।

# आंदोलन पर बैठे किसानों को बजट से आस, खेती के लिए रिजर्व बजट की मांग

**पटियाला ( एजेंसी )।** दातासिंह वाला-खनौरी किसान मोर्चा पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन 67वें दिन भी जारी है। वहीं, शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर के नेतृत्व में किसान डटे हुए हैं। किसानों ने उम्मीद जताई है कि शुक्रवार से शुरू हुए बजट सत्र में केंद्र सरकार किसानों और कृषि के लिए विशेष बजट आवंटित करेगी।

केंद्र सरकार ने 14 फरवरी को बातचीत के लिए आमंत्रित



किया है, जबकि 13 फरवरी को आंदोलन के एक साल पूरे होने पर किसान बड़ा जमावड़ा करने जा रहे हैं। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसान आंदोलन-2 को एक साल पूरा हो जाएगा। इसे देखते हुए शंभू बॉर्डर पर बड़ी संख्या में किसान जुटेंगे। लेकिन इससे पहले केंद्र को बजट को किसानों पर केंद्रित रखना चाहिए। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सरकार को लगता है कि उनकी नीति सही है।

# फडणवीस-शिंदे की गिरफ्तारी की साजिश

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र सरकार ने देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे से जुड़े एक झूठे केस की जांच के लिए विशेष जांच दल (स्ढ्ढ्ञ्) का गठन किया है। मामला उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली महा विकास अघाड़ी सरकार के कार्यकाल का है। एमवीए सरकार ने 2022 में विपक्ष के तत्कालीन नेता देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे को झूठे मामले में फंसाकर गिरफ्तार करने की साजिश रची थी। हालांकि, उस वक्त शिंदे एमवीए सरकार का ही हिस्सा थे।

इसका खुलासा पूर्व डीजीपी संजय पांडे और तत्कालीन डीसीपी लक्ष्मीकांत पाटिल के बीच एक ऑडियो क्लिप के वायरल होने के



बाद हुआ था। फडणवीस के भरोसेमंद सहयोगी प्रवीण दारेकर ने दिसंबर 2024 में नागपुर में राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान यह मुद्दा उठाया था। दारेककर ने उस समय खुलासा किया था कि कथित तौर पर साजिश से जुड़े ऑडियो क्लिप प्रमुख टीवी चैनलों पर चलाए गए थे।

# भाजपा में शामिल हुए आप छोड़ने वाले 8 विधायक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले 8 विधायकों ने शनिवार का भाजपा जॉइन कर ली। एक दिन पहले ही इन विधायकों ने चुनाव में टिकट नहीं मिलने और भ्रष्टाचार को अपने इस्तीफे की वजह बताया था।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग है। इसके 4 दिन पहले इन नेताओं का भाजपा में शामिल होना आप के लिए बड़ी मुसीबत



बन सकता है। पार्टी को मिलने वाले वोट पर असर पड़ सकता है।

आप विधायक ऋुराज झा ने भाजपा पर इन विधायकों को लालच देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि मुझे भी पार्टी छोड़ने का लालच दिया गया था, लेकिन मैं आखिरी दम तक क्क में रहूंगा।

आप ने 21 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच यानी 30 दिनों में कुल 5 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। इसमें 26 विधायकों के टिकट काट दिए गए थे जबकि 4 विधायकों की सीट बदली गई थी। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग होनी है।

# शाह बोले-दिल्ली में 3जी यानी घपले-घोटाले, घुसपैठिए की सरकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुस्तफाबाद में कहा- दिल्ली में 3जी की सरकार चल रही है। पहले जी से घोटाले वाली सरकार है। दूसरे त्र से घुसपैठियों को पनाह देने वाली सरकार, तीसरे जी से घपले वाली सरकार है। 8 फरवरी को ये सरकार बदलने वाली है। आने वाली भाजपा सरकार



सारे बांग्लादेशी और रोहिंग्या को चुन-चुन कर बाहर निकालेगी।

यमुना में प्रदूषण को लेकर शाह ने कहा- हमने केजरीवाल के कटआउट को यमुना में डुबकी लगवाई। इस कटआउट को भी एम्स में भर्ती कराना पड़ा। हरियाणा वालों ने यमुना में कोई जहर नहीं मिलाया। केजरीवाल ने प्रदूषण मिलाया है। हम दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाएंगे।

# धुंध में क्रूजर नहर में गिरी, 9 की मौत

**हिसार ( एजेंसी )।** हरियाणा के फतेहाबाद में शुक्रवार देर रात घने कोहरे के कारण एक क्रूजर गाड़ी भाखड़ा नहर में जा गिरी। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है और 3 लोग अभी भी लापता हैं। जबकि 2 लोगों को बचा लिया गया है। शनिवार को 8 लोगों के शव सिरसा जिले में मिले। इनमें से 6 शव गांव गदराना के पास कालुआना माइनर में मिले हैं। इनमें चार महिलाएं,



एक पुरुष, एक लड़की है। वहीं, रोड़ी क्षेत्र के गांव कुरंगावाली के पास भी कालुआना माइनर में दो शव मिले हैं। इनमें एक डेडबॉडी करीब डेढ़-दो साल के बच्चे की है। एक शव रात को ही फतेहाबाद से बरामद कर लिया था। गाड़ी में कुल 14 लोग सवार थे, जो कि पंजाब में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर रात को ही पुलिस पहुंच गई थी। इसके बाद एनडीआरएफ को भी मौके पर बुलाया गया और नहर में सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ। रात में क्रूजर गाड़ी को निकाल लिया गया था।

# ओडिशा में डंपर-एंबुलेंस की टक्कर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ओडिशा में डंपर और एंबुलेंस के एक्सीडेंट में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों की पहचान संजय जेना, सुधांशु जेना और दिलीप सिंह के रुप में हुई है। घटना भद्रक जिले की है। संजय के पिता का शुक्रवार रात कटक जिले के अस्पताल में निधन हो गया था। वह अपनी मां और बहनोई के साथ पिता का शव लेकर पैतृक गांव जा रहा था। नेशनल हाईवे- 16 पर डंपर ने




एंबुलेंस को पीछ से टक्कर मार दी। एंक्सीडेंट के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

# प्रियंका बोली- केजरीवाल ने 450 करोड़ रुपए प्रचार मे लगाए

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने दिल्ली में चुनावी रैलियां की। प्रियंका ने कहा कि केजरीवाल ने 450 करोड़ रुपए प्रचार मे लगाए। जब केजरीवाल ने इतने लगाए तो मोदी जी ने तो हजारों करोड़ लगाए होंगे।वहीं, राहुल गांधी ने कहा- भाजपा सरकार के बजट का लक्ष्य 25 लोगों को लाभ पहुंचाना है। वे आपको थोड़ा देंगे, थोड़ा टैक्स माफ करेंगे, लेकिन अगर आप



बजट का लक्ष्य देखें तो, भारत का पैसा 20-25 अरबपतियों को देना है। प्रियंका गांधी ने चांदनी चौक और राहुल ने सदर बाजार में चुनावी रैलियां की हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग होनी है। 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। आप लोग दिखावे पर मत जाओ, टीवी के विज्ञापन पर न जाओ। ये लोग अपना स्वार्थ साध रहे हैं, आप भी अपना स्वार्थ देखो। आप देखिए कि आपके जीवन में तरक्की आई है कि नहीं, सड़कें बनी है कि नहीं। इसे हल्के में मत लो इससे आप देश का भविष्य बना सकते हो। आप आज हर चीज में टैक्स दे रहे हैं और कमा कितना रहे हैं। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। केंद्र और दिल्ली में हजारों पद खाली हैं। भाजपा के राज में रोजगार बढ़ नहीं रहा घट रहा है। चीन में देखिए प्रोडक्शन का काम होता है इसलिए आगे बढ़ रहा है। हमारे पास भी हुनर है लेकिन कोई मौका ही नहीं दे रहा। कोई पॉलिसी, कोई विजन ही नहीं है। ये लोग नेहरू जी को गाली देते हैं लेकिन उनके पास विजन था।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 8 नक्सली मारे गए

**जगदलपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। न्मुठभेड़ में 8 नक्सली मारे गए हैं। ये संख्या और बढ़ सकती है। सुबह करीब 8ञ्30 बजे से दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों के जवानों ने माओवादियों के बड़े कैडर्स को घेर रखा है। मुठभेड़ की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि



गंगालूर इलाके के जंगल में भारी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। सूचना पर बीजापुर से डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202 और सीआरपीएफ 222 बटालियन के जवानों की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

# राहुल का भाजपा पर वार, बोले- अडानी-अंबानी जैसे लोगों का कर्ज माफ करते हैं मोदी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली चुनाव को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सदर बाजार में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि आज बजट पेश किया गया, बजट का लक्ष्य 25 लोगों को फायदा पहुंचाना था। वो आपको थोड़ा देंगे, वो थोड़ा टैक्स माफ करेंगे लेकिन बजट का लक्ष्य अगर आप देखें तो भारत का पैसा 20-25 अरबपतियों तक पहुंचाना है। उन्होंने दावा किया कि भारत में, 50 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग हैं, 15 प्रतिशत दलित हैं, 8 प्रतिशत आदिवासी हैं, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं और मान लीजिए, 5 प्रतिशत गरीब, सामान्य वर्ग के लोग हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि निजी अस्पतालों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, बड़ी कंपनियों के मालिकों को देखो, बड़े न्यायाधीशों की



सूची निकालो और मुझे बताओ कि पिछड़े वर्ग से कौन हैं, दलित कौन हैं, आदिवासी, अल्पसंख्यक कौन हैं, गरीब सामान्य वर्ग से कितने हैं, वे चुने हुए लोग हैं, वे उनके मित्र हैं। राहुल ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है।

एक तरफ नफरत-हिंसा है और दूसरी तरफ मोहब्बत-भाईचारा है। आरएसएस-बीजेपी के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस पार्टी संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि आरएसएस-बीजेपी के लोग भाई को भाई से, एक धर्म को दूसरे धर्म से और एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं। इनका लक्ष्य आपका पैसा आपसे छीनकर हिंदुस्तान के अरबपतियों को देना है। नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान के चंद अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। मोदी को जब भी मौका मिलता है वो अडानी-अंबानी जैसे लोगों का कर्ज माफ करते हैं। उन्होंने कहा कि ये मीडिया वाले जनता के मित्र नहीं हैं, क्योंकि यह 24 घंटा टीवी पर अंबानी की शादी और नरेंद्र मोदी का चेहरा दिखाते हैं।

# बजट : 2025 का नीतीश कुमार ने किया स्वागत, बोले- इससे बिहार के विकास में तेजी आएगी

**उत्तरप्रदेश ( एजेंसी )।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार शाम लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के भाषण की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2025 का केंद्रीय बजट सकारात्मक और स्वागत योग्य है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे राज्य के विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी। वित्तीय वर्ष 2025/26 के लिए सीतारमण के बजट में बिहार के लिए कई विशेष योजनाओं और कल्याणकारी उपायों का उल्लेख किया गया है, जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव में मतदान होगा। नीतीश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हुए एक्स पर लिखा कि केन्द्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। केन्द्र सरकार का यह बजट प्रगतिशील एवं भविष्योन्मुखी है। इस बजट के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा देश के विकास की गति को और बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। बजट में बिहार के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, उनसे बिहार के विकास को और गति मिलेगी। मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और



विपणन में सुधार के लिए राज्य में एक मखाना बोर्ड की स्थापना से मखाना किसानों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि राज्य की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की सुविधा प्रदान करने से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की संख्या बढ़ेगी।

जिससे यहां के लोगों को काफी फायदा होगा साथ ही राज्य के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी कैनाल परियोजना के लिए आर्थिक मदद मिलने से यहां के किसानों को फायदा होगा। इस बजट में पटना आई0आई0टी0 के विस्तार का प्रावधान किया गया है, इससे तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना होने से युवाओं को कौशल, उद्यमिता और रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा पूर्वी भारत में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आखिरकार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत किया जाएगा जिसके कुछ मुकाबले पाकिस्तान तो वहीं कुछ मैच यूएई में खेली जाएगी। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान टीम की कमान मोहम्मद रिजवान के हाथों में होगी जबकि टीम की उप कप्तानी सलमान अली आगा संभालेंगे। वहीं पाकिस्तान ने जिस टीम का चयन इस टूर्नामेंट के लिए किया है उसमें 4 तेज गेंदबाजों को शामिल किया गया है जिसमें हारिस रऊफ, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद हसनैन और नसीम शाह शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के स्पिन आक्रमण की अगुवाई अबरार अहमद करेंगे। इस टीम में विशुद्ध स्पिनर के रूप में सिर्फ अबरार अहमद को शामिल किया गया है जो चौंकाने वाला है। ये टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले लाहौर और कराची में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के लिए जिस टीम का चयन किया है उसमें पीसीबी की तरफ से 2 बड़ी गलती की गई है।

## भारत का पिछले 6 साल से चला आ रहा टी20 प्रारूप में रहा विजयी अभियान जारी रखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू सीरीज के चौथे टी20 में भारत ने इंग्लैंड को 15 रन से हराकर सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली। इस तरह टीम इंडिया ने 2019 से चला आ रहा विजयी अभियान जारी रखा। टीम इंडिया की यह घर में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। अब इस सीरीज का आखिरी मुकाबला मुंबई में कल यानी रविवार को खेला जाएगा, जिसमें जीत के साथ टीम इंडिया 4-1 से सीरीज खत्म करना चाहेगी। तो वहीं, इंग्लैंड की टीम में सीरीज जीत के साथ खत्म करना चाहेगी।



टीम इंडिया की शुरुआत इस मुकाबले में कुछ खास नहीं रही। 12 के स्कोर पर टीम ने तीन विकेट खो दिए थे। साकिब महमूद ने संजू सैमसन (1), तिलक वर्मा (0) और सूर्यकुमार यादव (0) को पवेलियन भेजा। इसके बाद मोर्चा रिंकू सिंह और अभिषेक शर्मा ने संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 32 गेंदों में 45 रनों की साझेदारी हुई, जिसके दम पर टीम इंडिया ने अपने 50 रन पूरे किए।

भारत की पारी का आठवां ओवर फेंकने आए आदिल रशीद ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक को जैकब बेथेल के हाथों कैच कराया। वह 29 रन बनाकर आउट हुए जबकि रिंकू ने 26 गेंदों में 30 रनों की आतिशी पारी खेली। इसके बाद शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या ने भारत का लक्ष्य 160 रनों के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 87 रनों की साझेदारी हुई। भारतीय ऑलराउंडर ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पांचवां पचासा 27 गेंदों में जड़ा जबकि तिलक ने 31 गेंदों में टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर चौथा पचासा जड़ा। दोनों इस मैच में 53-53 रनों की शानदार पारियां खेलने में कामयाब हुए। भारत के लिए अक्षर पटेल ने पांच रन बनाए जबकि अर्शदीप शून्य और रवि बिश्नोई बिना खाता खोले नाबाद रहे।

इंग्लैंड के लिए साकिब महमूद ने तीन, जेमी ओवरटन ने दो और ब्रायडन कार्स तथा आदिल रशीद ने एक-एक विकेट चटकाया। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन इस लय को बरकरार नहीं रख सकी। फिल सॉल्ट और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 62 रनों की साझेदारी हुई, जो पिछले 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पहली 50+ ओपनिंग साझेदारी है। इसे रवि बिश्नोई ने पावरप्ले के आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर तोड़ा। उन्होंने बेन डकेट को अपना शिकार बनाया। वह 19 गेंदों में 39 रन बनाकर लौटे जबकि अक्षर पटेल ने फिल सॉल्ट को आउट किया। वह 23 रन बना पाए।

इसके बाद मोर्चा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए हैरी ब्रूक उतरे। उन्होंने 26 गेंदों में 51 रन बनाए। उनके अलावा कोई बल्लेबाज विकेट पर ज्यादा देर तक नहीं टिक सका। इंग्लैंड के लिए जोस बटलर ने दो, लियाम लिविंगस्टोन ने नौ, जैकब बेथेल ने छह, ब्रायडन कार्स ने शून्य, जेमी ओवरटन ने 19, जोफ्रा आर्चर ने शून्य, साकिब महमूद ने एक और आदिल रशीद ने 10* रन बनाए। भारत के लिए हर्षित राणा और रवि बिश्नोई ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि वरुण चक्रवर्ती को दो विकेट मिले। वहीं, अर्शदीप सिंह को एक सफलता मिली।

## एक बार फिर विराट कोहली की सुरक्षा के साथ खिलवाड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के अरुण जेटली मैदान दिल्ली और रेलवे के बीच मैच खेला जा है, लेकिन इस मैच के दौरान खिलाड़ी शायद सुरक्षित नहीं हैं। इस मैच के तीसरे दिन जब दिल्ली की टीम फील्डिंग कर रही थी उस दौरान टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से मिलने के लिए 3 व्यक्ति जबरन मैदान में घुस आए। इन तीन व्यक्तियों में से 2 नाबालिग थे और एक ने विराट कोहली के पैर भी छुए। इस तरह की घटना के सामने आने के बाद अरुण जेटली की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। इस मैच के तीसरे दिन यानी शनिवार को खेल के पहले सेशन के दौरान 3 क्रिकेट फैंस सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में घुस गए। ये घटना तीसरे दिन दूसरी पारी के दौरान 18वें ओवर में घटी जब दिल्ली की टीम फील्डिंग कर रही थी। इस दौरान 3 फैंस गौतम गंभीर स्टैंड से निकलकर अचानक विराट कोहली की तरफ दौड़ पड़े। इनमें से एक ने कोहली के पैर छुए, इसके बाद वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें पकड़ लिया और मैदान से बाहर कर दिया। बताया जा रहा है कि इसमें दो बच्चे थे और एक की उम्र 18 साल से ज्यादा थी। बता दें कि, विराट कोहली 13 साल के बाद रणजी ट्रॉपी टूर्नामेंट में दिल्ली टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कोहली को घरेलू मैदान पर खेलते हुए देखने के लिए भारी भीड़ जुट रही है।

## विराट कोहली को डीडीसीए ने स्पेशल ट्रॉफी और शॉल देकर किया सम्मानित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रणजी ट्रॉफी में तकरीबन 13 साल बाद उतरे विराट कोहली बुरी तरह फ्लॉप रहे। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में उन्होंने रेलवे के खिलाफ 14 गेंदों में महज 6 रन बनाए। लेकिन बावजूद इसके डीडीसीए ने विराट कोहली को सम्मानित किया। दरअसल, डीडीसीए ने विराट कोहली को 100 टेस्ट मैच खेलने की उपलब्धि हासिल करने पर सम्मानित किया।

इस दौरान डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली समेत अन्य डीडीसीए अधिकारी मौजूद रहे। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने विराट कोहली को स्पेशल ट्रॉफी और शॉल से सम्मानित किया। इस दौरान कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा भी मौजूद थे। विराट कोहली ने राजकुमार शर्मा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

बताते चलें कि विराट कोहली भारत के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले दिल्ली के महज तीसरे क्रिकेटर हैं। विराट कोहली से पहले वीरेंद्र सहवाग और ईशांत शर्मा ने 100 टेस्ट खेले। वहीं, रणजी ट्रॉफी में रेलवे केखिलाफ दूसरे दिन काखेल खत्म होने तक दिल्ली का स्कोर 7 विकेट पर 334 रन है। इस तरह दिल्ली की बढ़त 93 रनों की हो चुकी है।

## कनकशन सब्सटीट्यूट पर क्यों भड़के जोस बटलर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुणे में भारत ने इंग्लैंड को 15 रन से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज पर 3-1 से कब्जा कर लिया। लेकिन मैच के बीच में कनकशन सब्सटीट्यूट के रूप में भारतीय टीम में शामिल किए गए हर्षित राणा विवादों में आ गए। इस मैच में बल्लेबाजी के दौरान भारतीय बल्लेबाज शिवम दुबे के सिर में चोट लगी थी और फिर वो दूसरी पारी में मैदान पर नहीं उतरे थे। उनकी जगह मैदान पर हर्षित राणा उतरे। राणा ने अच्छी गेंदबाजी की और अंत में बाजी पटलते हुए 3 विकेट लेकर भारत की जीत में बड़ी भूमिका भी निभाई। पुणे में हर्षित राणा का गेंदबाजी में प्रदर्शन वैसा ही प्रभावी रहा जैसा कि शिवम दुबे ने बल्लेबाजी में किया था। वहीं मैच के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के द्वारा ऑलराउंडर की जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल किए जाने पर अपनी नाराजगी जाहिर की। बटलर ने मैच के बाद कहा कि या तो शिवम दुबे ने अपनी स्पीड 25 मील प्रतिघंटे बढ़ा ली है या फिर हर्षित राणा ने अपनी बल्लेबाजी में सुधार कर लिया है। ये लाइक-टू-लाइक रिप्लेसमेंट नहीं था और हम इससे सहमत



नहीं हैं। वैसे ये खेल का हिस्सा है और मुझे लगता है कि हमें मैच जीतना चाहिए था, लेकिन हम इस निर्णय से असहमत हैं।

वहीं जोस बटलर ने कहा कि, इस मामले में हमसे कोई राय नहीं ली गई। जब मैं बैटिंग करने आया तो सोच रहा था कि हर्षित राणा किसकी जगह पर हैं और मुझे बताया गया कि वो कनकशन रिप्लेसमेंट हैं जिससे ये साफ तौर पर असहमत था क्योंकि ये एक जैसा रिप्लेसमेंट नहीं था। बटलर ने बताया कि मैंने अंपायर्स से बात की, लेकिन उन्होंने कहा कि ये मैच रेफरी का फैसला था और इसमें हमारी कोई भूमिका नहीं थी। हम इस बारे में पूरी जानकारी के लिए मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ से कुछ सवाल पूछेंगे।

आईसीसी के नियमों के मुताबिक मैच रेफरी कनकशन सब को मंजूरी देता है और आम तौर पर ये एक समान का रिप्लेसमेंट होना चाहिए जिससे कि उस टीम के अतिरिक्त लाभ मिलने की उम्मीद नहीं की जाती है। अगर आईसीसी के मैच रेफरी को लगता है कि जो खिलाड़ी रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में आया है और वो सामान्य भूमिका निभा रहा है तो उसे कोई आपत्ति नहीं होती है, लेकिन रिप्लेसमेंट के तौर पर आए खिलाड़ी से उस टीम को अतिरिक्त लाभ मिलता नजर आता है तो फिर वो एक्शन ले सकता है।

वैसे ये रिप्लेसमेंट क्या एक जैसा था क्योंकि शिवम दुबे बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं जबकि राणा दाहिने हाथ के बैटर हैं। हालांकि दाएं हाथ के गेंदबाज हैं और यही एक समानता दोनों में थी।

## पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने भारत पर साधा निशाना




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉपी 2025 शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन शेष हैं। लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी का मुद्दा पिछले कई महीनों से विवादित बना हुआ है। कुछ समय पहले हाइब्रिड मॉडल को लेकर बहस छिड़ी थी, लेकिन अब मैदानों की तैयारी पूरी ना होने का कारण पीसीबी पर सवाल उठ रहे हैं। बता दें कि, इस बार चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के कंधों पर है जिस कारण इस टूर्नामेंट के मुकाबला रावलपिंडी, लाहौर और कराची में खेले जाने हैं। इन मैदानों की तस्वीर सामने आती रही हैं, कहीं निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है तो कहीं बैठने की व्यवस्थान अच्छी नहीं है। वहीं अब पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी ने इस पूरे मामले पर अपना बयान जारी किया है।

दरअसल, पीटीआई के अनुसार मीडिया से बातचीत करते हुए मोहसिन रजा नकवी ने कहा कि, सरहद पार बैठे ऐसे बहुत लोग हैं जो कहते रहे कि चैंपियंस ट्रॉफी को पाकिस्तान से बाहर किसी दूसरे देश में शिफ्ट कर दिया जाएगा क्योंकि मैदान समय रहते तैयार नहीं हो पाए। लेकिन मैं ये घोषणा कर सकता हूं कि हम ट्राई सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

मोहसिन रजा नकवी ने बिना नाम लिए भारत पर निशाना साधते हुए कहा कि, बॉर्डर के उस पार बैठे काफी सारे लोग हमारे मैदान और व्यवस्था में छोटी छोटी कमी निकालने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उन्हें ऐसा कोई मौका नहीं मिलने वाला। हम सभी टीमों का स्वागत करेंगे, ताकी टीमों की सुरक्षा का ख्याल रखेंगे और व्यवस्था का खास ख्याल रखेंगे। पीसीबी की पूरी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है कि टूर्नामेंट सुचारू रूप से हो सके।

## स्मृति मंधाना सर्वश्रेष्ठ महिला और जसप्रीत बुमराह बेस्ट पुरुष क्रिकेटर बने, रविचंद्रन अश्विन को मिला ये स्पेशल अवॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2024 महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और पुरुष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के लिए बेहतरीन रहा। जिस कारण बुमराह को पुरुष वर्ग में 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर के लिए बीसीसीआई के पॉली उमरीगर पुरस्कार के लिए चुना गया। जबकि स्मृति मंधाना ने महिला वर्ग में ये पुरस्कार जीता। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए चुना गया। ये पुरस्कार शनिवार 1 फरवरी 2025 को बोर्ड के वार्षिक पुरस्कार समारोह के दौरान दिए जाएंगे।

वहीं पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को विशेष पुरस्कार के लिए चुना गया।



नवंबर 2011 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू कनरे वाले 37 साल के अश्विन ने स्वदेश में लंबे प्रारूप में 12 साल तक भारत के दबदबे में अहम भूमिका निभाई। उस दौरान टीम ने लगातार 18 सीरीज जीतीं।

जसप्रीत बुमराह को 2024 में कौशल, सटीकता और निरंतरता के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी का टेस्ट और ओवरऑल साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने पिछले साल भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया और इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज में जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी बुमराह ने 5 टेस्ट में 32 विकेट अपने नाम किए। आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने 2024 में 743 रन बनाए। उन्होंने 4 एकदिवसीय शतक लगाए जो महिलाओं के फॉर्मेट में एक साल में सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल सौ से ज्यादा बाउंड्री लगाईं जिसमें 95 चौके और 6 छक्के शामिल हैं। इस 28 वर्षीय क्रिकेटर के एकदिवसीय मुकाबलों में 57.86 के औसत और 95.15 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

नए खिलाड़ियों में मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को फरवरी 2024 में राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ तेजतर्रार अर्धशतक के लिए पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पर्दापण के पुरस्कार के लिए चुना गया। मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने बेंगलुरु टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ 150 रन की पारी भी खेली।

## घरेलू क्रिकेट में कुलदीप यादव की फ्लॉप वापसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होने में अब बस कुछ ही दिन शेष है। लेकिन टीम इंडिया के खिलाड़ियों का खराब प्रदर्शन चिंता का सबब है। रणजी ट्रॉफी में रोहित शर्मा, विराट कोहली से लेकर ऋषभ पंत और शुभमन गिल तक फ्लॉप साबित हुए हैं। इस बीच हार्निया की सर्जरी कराकर वापसी कर रहे टीम इंडिया के स्पिनर कुलदीप यादव भी संघर्ष करते दिखे। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के खिलाफ मध्य प्रदेश के हर्ष गवली ने 258 और शुभम शर्मा ने 208 रन बनाए।

वहीं अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार मैच खेल रहे कुलदीप ने उत्तर प्रदेश के लिए मध्य प्रदेश के खिलाफ दूसरे दिन टी ब्रेक तक 29 ओवर में 119 रन लुटा दिए थे। हालांकि, उन्होंने दो विकेट लिए। कुलदीप को एक विकेट पहले दिन ही मिल गया था। मध्य प्रदेश के ओपनर हिमांशु मंत्री ने 125 गेंद पर 52 रन बनाकर आउट हुए थे।



वहीं हर्ष गवली को कुलदीप ने पवेलियन भेजा। हर्ष ने 387 गेंद पर 25 चौके और 4 छक्के की मदद से 258 रन बनाए। मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन टी ब्रेक तक 149 ओवर में 5 विकेट पर 615 रन बना लिए थे। शुभम शर्मा को विजय कुमार ने पवेलियन भेजा। शुभम ने 280 गेंद पर 18 चौके और 1 छक्के की मदद से 208 रन बनाए।

कुलदीप यादव ने हार्निया की सर्जरी से पहले अक्टूबर 2024 में भारत के लिए टेस्ट मैच खेला था। बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में खेले थे। इसके बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया का हिस्सा थे। लेकिन अनफिट होने के कारण खेल नहीं पाए थे। हालांकि, अब उनकी इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी अगले हफ्ते से होने वाली है। भारत और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलने का मौका मिलेगा।

# केंद्रीय बजट समावेशी और प्रगतिशील, समाज के हर वर्ग को बनायेगा सशक्त



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)**।उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को समावेशी और प्रगतिशील केंद्रीय बजट (वर्ष 2025-26) प्रस्तुत करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह बजट भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना और कर सुधारों में व्यापक कदम उठाए गए हैं, जो सभी वर्गों को लाभान्वित करेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट प्रावधानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने उन्नत चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बजट में वृद्धि से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। मेडिकल डिवाइस पार्क और सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन से राज्य के अस्पतालों में अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए विशेष केंद्रों की स्थापना से स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई प्राप्त होगी।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं को टैक्स फ्री करना एक दूरदर्शी कदम है, जो आम लोगों की चिकित्सा लागत को कम करेगा। हर ज़िले में डे-केयर कैंसर सेंटर्स की स्थापना से गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचेगी। मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाओं को सस्ता करने का निर्णय स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में 5% की कटौती और 13 मरीज सहायता कार्यक्रमों को बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर करना आम जनता के लिए राहत लेकर आएगा। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, जो प्रधानमंत्री मोदी के 'स्वस्थ भारत' के संकल्प को साकार करेगा। मेडिकल सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रावधान किया गया है। यह कदम चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं में कुशल डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि वित्त मंत्री ने आयकर स्लैब में ऐतिहासिक सुधार कर मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत दी है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर छूट की सीमा को ?7 लाख से बढ़ाकर ?12 लाख किया गया है। साथ ही स्टैंडर्ड डिडक्शन को ?50,000 से बढ़ाकर ?75,000 कर दिया गया है। धारा 80ष्ट के तहत निवेश प्रोत्साहन में वृद्धि की गई है, जिससे करदाताओं को अतिरिक्त बचत का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाएगा बल्कि उन्हें बचत और निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में डिजिटल एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म के प्रोत्साहन और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के विस्तार से किसानों की आय में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे खेती में आधुनिक तकनीकों का समावेश होगा और उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इन योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे नेटवर्क और ग्रामीण सड़कों के विस्तार के लिए बड़े निवेश की घोषणा की गई है। यह कदम न केवल परिवहन तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देगा, जिससे उद्योग और व्यापार को नई ऊर्जा मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए आसान ऋण सुविधा और विशेष कर छूट की व्यवस्था से इस क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी और राज्य की औद्योगिक क्षमता को मजबूती मिलेगी। पर्यटन और सांस्कृतिक क्षेत्रों के विकास के लिए हेरिटेज स्थलों के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। यह कदम राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के साथ-साथ पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार इस बजट का भरपूर लाभ उठाकर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल विकास का रोडमैप है बल्कि समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने वाला दस्तावेज है।

## बजट पर प्रतिक्रिया

### सर्वस्पर्शी और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाला बजट



बीजेपी नेता गौरव तिवारी ने आज मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में पेश हुए बजट 2025 की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी और भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने वाला बजट है, गौरव तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार में पेश हुआ यह बजट बहुत ही संतुलित, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला है। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला है। इस बजट में गरीब और किसान का कल्याण है, वंचितों का सम्मान है और नारी शक्ति व मध्यम वर्ग का उत्थान समाहित है। यह बजट आम व्यक्ति को समर्पित बजट है।


गौरव तिवारी ने बताया कि पेश हुए बजट 2025 में मोदी जी के नेतृत्व में देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज जो घोषणा की है जिसमे नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख की इनकम तक कोई भी इनकम टैक्स नहीं लगेगा। यह सभी मध्यम वर्गीय परिवार के लिए राहत का विषय है। सभी मध्यम वर्गीय परिवार के चेहरों में खुशहाली छाई हुई है वही हमारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि नया और सरल आयकर विधेयक अगले हफ्ते पेश कर दिया जाएगा।

पेश हुए बजट 2025 में गौरव तिवारी ने यह भी कहा कि 'यह मोदी जी का नया भारत हैं', पेश हुआ बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं पर केंद्रित है इसके अलावा उन्होंने कहा कि बजट का उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर को बढ़ाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करते हुए निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ाना, घरेलू भावना को ऊपर उठाना और बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाना है। साथ ही गौरव तिवारी ने बताया कि मोदी सरकार के पेश हुए बजट 2025 में गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए 10 व्यापक क्षेत्रों को शामिल किया गया है। कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात विकास के इंजन हैं। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है इससे किसानों को सस्ता लोन पाने में मदद मिलेगी।




इस वर्ष का यह बजट निश्चित तौर पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य साथ हि युवा और किसान वर्ग के लिए एक नई उम्मीद का किरण के तौर पर देखा जा सकता है इस बजट में प्रत्येक जिलों में एक कैंसर हॉस्पिटल एवं युवाओं के लिए स्टार्टअप जैसे स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहन देना निश्चित तौर पर भारत की जनता ने एवं किसान वर्ग ने 2047 तक जो विकसित भारत एवं भारत का पुनरुत्थान जैसे स्वप्न को साकार करने के लिए एक नया सकारात्मक पहल वाला बजट है यह वर्ग बजट स्वागत योग्य है।

### कुर्सी बचाओ बजट- कविता पांडेय



कविता पाण्डेय, प्रदेश महासचिव मध्य प्रदेश कांग्रेसकमेटी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कुर्सी बचाओ बजट प्रस्तुत किया है। बजट में आंध्र प्रदेश की चर्चा है, बजट में बिहार की चर्चा है, लेकिन बजट से बंदे भारत, स्मार्ट सिटी सब गायब है । वित्त मंत्री सदन में खुलेआम दलहन उत्पादन में वृद्धि होने की घोषणा करती हैं लेकिन पिछले तीन वर्ष से दलहन उत्पादन में लगातार कमी हो रही है । कितना बड़ा झूठ खुले आम सदन में बोला जा रहा है। जब भी दलहन के दाम बढ़ने लगते हैं, सरकार ड्यूटी घटाकर लगातार इंपोर्ट कर रही है, किसानों के लिए, खेती के लिए बजट में लगातार कटौती की जा रही है। इनकम टैक्स में सैलरी रिप्लाई को 12 लाख तक की छूट की खूब वाह वाही लूटी जा रही है, लेकिन इस बात पर कोई चर्चा नहीं हो रही कि सरकारी कर्मचारियों को तनख्वाह के अलावा एक रुपए भी अन्य मद से इनकम हुई ,तो क्या उसे भी में छूट मिलेगी। लगातार बढ़ती महंगाई बेरोजगारी को दूर करने के लिए क्या बजट में पर्याप्त प्रावधान है या बजट कुर्सी बचाओ तक सीमित है ।बिहार का चुनाव सामने है, कुर्सी बिहार और आंध्र बचाएंगे। मध्य प्रदेश झारखंड पश्चिम बंगाल और दूसरे राज्य क्या इस देश का हिस्सा नहीं है ? उनके लिए क्या बजट में प्रावधान नहीं होना चाहिए । बढ़ती महंगाई की मार से कैसे बचा जाए युवाओं को 2 करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार कैसे मिलेगा इस पर बजट पूरी तरह मौन है।

### बजट जन विरोधी एवं दिशाहीन



आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 आम जनता की अपेक्षाओं पर खड़ा नहीं उतरा है सरकार ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। यह बजट स्थानीय निकायों के लिए भी निराशाजनक है, क्योंकि शहरी विकास आधारभूत संरचना और नगर निग़म के वित्तीय सशक्तिकरण को नजरअंदाज किया गया है। यह बजट देश की वास्तविक समस्याओं को हल करने में असमर्थ है और केवल आंकड़ों की बाजीगरी भर है सरकार को जनता और स्थानीय निकायों की वास्तविक जरूरत को समझ कर एक समावेशी और प्रभावी बजट लाना चाहिए।

## रीवा-प्रयागराज मार्ग में व्यवस्थाओं के लिए 4 स्थानों पर अधिकारी तैनात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)**। प्रयागराज में महाकुंभ मेला लगातार जारी है। महाकुंभ में तीन फरवरी बसंत पंचमी को विशेष पर्व स्नान तथा अमृत स्नान होगा। इसी तरह माघ पूर्णिमा 12 फरवरी एवं महाशिवरात्रि 26 फरवरी को भी विशेष पर्व स्नान होंगे। इन अवसरों पर तीर्थयात्रियों के बड़ी संख्या में रीवा-प्रयागराज मार्ग से प्रयागराज जाने के कारण सड़क पर वाहनों का लगातार दबाव रहेगा। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने रीवा-प्रयागराज मार्ग में 4 स्थानों पर अधिकारियों के दल तैनात करके उन्हें तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर ने कहा है कि तीर्थयात्रियों के अस्थायी रूप से ठहरने, भोजन, पानी, शौचालय, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियाँ कर लें। वाहनों की पार्किंग के लिए भी स्थान निर्धारित कर लें। किसी भी यात्री को रीवा जिले से गुजरते हुए किसी भी तरह की परेशानी न हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार चाकघाट में तहसीलदार जवा राजेन्द्र शुक्ला, नायब तहसीलदार राजकुमार ताडिया, नायब तहसीलदार मनोज शुक्ला, कार्यपालन यंत्री नहर अमरदीप त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री अपर पुरवा नहर आरके वर्मा, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह तथा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत शिव सोनी को तैनात किया गया है। बेला बाईपास में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, एसएलआर राजेश तिवारी, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, सहायक आयुक्त आबकारी अनिल जैन, लेखाधिकारी जिला पंचायत नीलम राय तथा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत आभा सिंह को तैनात किया गया है। जोगिनहाई टोल प्लाजा रायपुर कर्चुलियान में तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान विनयमूर्ति शर्मा, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख ललन सिंह, नायब तहसीलदार दिलीप श्रीवास्तव, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी राजेश शुक्ला तथा सहायक संचालक आरके सिंह को तैनात किया गया है। श्रीयुत कालेज गंगेव में तहसीलदार मनगवां सुमित गुप्ता, नायब तहसीलदार मनोज सिंह, नायब तहसीलदार दिलीप सिंह, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास जीवेन्द्र सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, सहायक परियोजना अधिकारी विनोद पाण्डेय तथा लेखाधिकारी जिला पंचायत योगेन्द्र पाण्डेय को तैनात किया गया है। सभी अधिकारी निर्धारित स्थल पर एक फरवरी से आगामी आदेश तक 24 घंटे उपस्थित रहकर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

## व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर गोविंदगढ़ के लिये सीजेडए की मिली मंजूरी

### उप मुख्यमंत्री ने कहा जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)**।उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गोविंदगढ़, रीवा में प्रस्तावित व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर को मिली मंजूरी पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के विजन के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर की स्थापना न केवल बाघों की संख्या को बढ़ाने में सहायक होगी बल्कि पर्यटन को भी प्रोत्साहन देगी। यह पहल बाघ संरक्षण और प्रकृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार जैव विविधता के संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यटन के विकास के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। गोविंदगढ़, रीवा में प्रस्तावित व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर को मिली मंजूरी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि मध्य प्रदेश वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में आदर्श राज्य बने।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्य प्रदेश वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों के कारण न केवल "टाइगर स्टेट" बल्कि "लेपर्ड स्टेट" और "चीता स्टेट" के रूप में भी प्रतिष्ठित है। राज्य में देश की सबसे अधिक तेंदुआ आबादी दर्ज की गई है, जो यहां के समृद्ध वन्य आवासों का प्रमाण है। मध्य प्रदेश ने चीता पुनर्वास परियोजना के तहत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों का सफल पुनर्स्थापन करके "चीता स्टेट" का गौरव भी प्राप्त किया है। कान्हा नेशनल पार्क, बांधवगढ़, सतपुड़ा और पन्ना टाइगर रिजर्व जैसे क्षेत्रों में वन्यजीव संरक्षण के लिए अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य की इस उपलब्धि को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वन्यजीव विशेषज्ञों ने भी सराहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गोविंदगढ़ में व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर की स्थापना से व्हाइट टाइगर की सुरक्षा और संख्या में वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, यह केंद्र राज्य में वन्यजीव पर्यटन को भी नई दिशा देगा। मध्य प्रदेश बाघों की संख्या के मामले में देश में अग्रणी है और इस पहल से राज्य की इस प्रतिष्ठा को और मजबूत किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर के माध्यम से स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही, देश-विदेश से पर्यटकों को आकर्षित कर रीवा और सतना क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी। महाराजा मार्तंड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी और चिड़ियाघर, मुकुंदपुर, सतना के संशोधित मास्टर (लेआउट) प्लान के तहत गोविंदगढ़, रीवा में सेटेलाइट फैसिलिटी के रूप में व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर की स्थापना के प्रस्ताव को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की विशेषज्ञ समिति द्वारा तकनीकी समिति की अनुशंसा पर स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति 9 एवं 17 दिसंबर, 2024 को आयोजित विशेषज्ञ समिति की 114वीं बैठक और 19 दिसंबर, 2024 को तकनीकी समिति की 112वीं बैठक के निर्णय के अनुक्रम में प्रदान की गई है।

## इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)**। प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की इम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है जिसमे समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा में इम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 28 फरवरी 2025 तक सभी कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है।

## समूह की महिलाओं से ठगी के मामले में बीती देर रात जमकर हुआ बवाल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)**। शहर के बांसघाट मोहल्ले में समूह की महिलाओं से करीब एक करोड़ की ठगी के मामले में बीती देर रात जमकर बवाल हुआ। बताया गया है कि फरार आरोपी महिला मंजू सिंह का भाई और उसकी मां घर आए थे जिसकी जानकारी मिलते ही पैसा गवां चुकी महिलाओं और उनके परिजनों ने उन्हें घर पर घेर लिया। इसके बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस सहित स्थानीय पार्षद ने मामले को शांत कराया। पीड़ित महिलाओं के मुताबिक बांसघाट मोहल्ला निवासी मंजू सिंह नामक महिला एक समूह संचालित करती थी और इसी समूह के आड़ में उसने अलग-अलग महिलाओं को बैंक से क़र्ज़ दिलाने के नाम पर करीब एक करोड़ रुपये से ज़्यादा की ठगी कर कुछ दिन पूर्व अचानक लापता हो गई। जिसकी शिकायत थाना सहित कलेक्टर रीवा से की गई है। पीड़िताओं के मुताबिक काफी प्रयास के बाद भी मंजू सिंह का कोई पता नहीं चला और ना ही उसके परिजनों के संबंध में कोई जानकारी मिली। बीती रात मंजू सिंह के भाई राहुल सिंह और मां ललिता सिंह उनके घर आई हुई थी, इसकी जानकारी जैसे ही पीड़ित महिलाओं को हुई तो वह अपने परिवार के साथ उनके घर पहुंच गई इस दौरान जमकर हंगामा हुआ।

## तीर्थयात्रियों को सहायता देने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)**।प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में तीन फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान तथा विशेष पर्व स्नान किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए रीवा-प्रयागराज मार्ग पर 4 स्थानों पर यात्रियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इन स्थानों पर अधिकारियों के दल तैनात किए गए हैं। तैनात अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्य शुरू कर दिया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि चाकघाट में रैनबसेरे में अधिकारियों का दल पहुंच गया है। यहाँ स्थिति सामान्य है।

## कालेज चौराहे पर 54 करोड़ की लागत से बन रहा आईटी पार्क



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)**। प्रदेश के तीन प्रमुख स्थानों सहित रीवा में आईटी पार्क का निर्माण किया जा रहा है। रीवा में 23 अक्टूबर को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईटी पार्क का भूमिपूजन किया था। कालेज चौराहे के समीप आईटी पार्क का निर्माण शुरू हो गया है। इसके निर्माण के लिए 54 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कालेज चौराहे के समीप आईटी पार्क निर्माण के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि आईटी पार्क का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार भवन का निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा करें। आईटी पार्क के निर्माण से तकनीकी कौशल के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। निर्माणाधीन आईटी पार्क में कुल 10 मंजिलें होंगी। इसके बेसमेंट में वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। आईटी पार्क में आधुनिक तकनीकी ज्ञान के प्रशिक्षण की सभी व्यवस्थाएं रहेंगी। निरीक्षण के समय एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय संचालक यूके तिवारी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, तकनीकी सलाहकार केके गर्ग, तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में कल्पना चावला की पुण्य स्मृति में हुआ कार्यक्रम

**रीवा**. शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में कल्पना कल्याण समिति के द्वारा कल्पना चावला की पुण्य स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विभा पटेल, पूर्व सांसद देवराज पटेल एवं वीडियो कॉल के माध्यम से उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला उपस्थित हुए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कल्पना कल्याण समिति के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम से बच्चों को कल्पना चावला के जीवन से प्रेरणा मिलेगी एवं विज्ञान व वैज्ञानिकों के प्रति उनका दृष्टिकोण मज़बूत होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन उन्हें अचानक दिल्ली आना पड़ा जिसके चलते वो शामिल नहीं हो सके। कार्यक्रम में आयोजकों के द्वारा कल्पना चावला की जीवनी पर आधारित एक पत्रिका का विमोचन किया गया। साथ ही विभिन्न स्कूलों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

## प्रेमिका पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद मिला धोखा, प्रेमी पहुंचा एसपी ऑफिस

### अपने दिये उपहार और पैसों की मांग कर रहा युवक, मिल रही धमकी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)**। एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के लिए लाखों रुपए न्यौछावर कर दिए। हीरे की अंगूठी से लेकर महंगे हैंडबैग और चश्मा सहित तीन-तीन आईफोन दिए। प्रेमी की आंखें उस समय खुली, जब 3 साल की मोहब्बत में प्रेमिका ने अपने पुराने प्रेमी से सगाई रचा ली। करीब 80 लाख रुपए प्रेमिका के ऊपर खर्च करने के बाद जब प्रेमी को धोखा मिला तो उसने घटना की शिकायत पुलिस में कर दी। अब वो दिए हुए उपहार और पैसों की मांग कर रहा है।

मामले के तूल पकड़ने के साथ ही प्यार और मोहब्बत के बीच अब राजनीति भी गरमाने लगी है। शहर के आज़ाद नगर निवासी प्रेमी विवेक शुक्ला के मुताबिक उसकी प्रेमिका पूर्व विधायक की भतीजी है। प्यार में धोखा खाए विवेक ने जब अपने उपहार वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे प्रेमी ने आरोप लगाया है कि पूर्व विधायक के कारण उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। प्रेमी ने बताया कि करीब 3 साल पूर्व लड़की से उसकी मुलाकात हुई। दोनों के बीच दोस्ती और फिर प्यार होने के बाद शादी का वादा किया गया। लेकिन प्रेमिका ने धोखा दे दिया। इस दौरान प्रेमी के द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में अपने प्रेमिका के लिए उपहार खरीदे गए जिसका डाटा प्रेमी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी पेश किया गया। इस दौरान प्रेमी के द्वारा कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई गई। जिसमें उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

## किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा गेंहू का उपार्जन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)**। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से शुरू हो गया है। पंजीयन 31 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक सीबीएस जादौन ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए 58 खरीदी केन्द्र प्रस्तावित किए जा रहे हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।